राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 283, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 26 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334




**मुख्य अपडेट**


संसद सुरक्षा उल्लंघन मामला : दिल्ली की अदालत ने जांच पूरा करने को पुलिस को दिया

.... पेज 03

जनता की संपत्ति हड़पने से पहले विपक्ष का मोदी से निपटना पड़ेगा : मोदी

.... पेज 05

बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के तहत दिल्ली में 500 युवा क्रिकेटरों को क्रिकेट किट का वितरण

.... पेज 07


## व्हाट्सएप पर मिलेगी उच्चतम न्यायालय की 'वाद-सूची'

### मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा, इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को इस बारे घोषणा करते हुए कहा, इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की



जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं।उन्होने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को मेघराज क्लाउड 2.0 में स्थानांतरित कर रहे हैं (यह एनआईसी द्वारा बनाया गया क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर है।) अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां व्हाट्सएप के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को एक और क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है।

शीर्ष अदालत की अपनी आईटी सेवाओं के साथ व्हाट्सएप को जोड़ने से संबंधित अधिवक्ताओं को मामले दायर करने, वाद सूची और अन्य जानकारियों के बारे में स्वचालित संदेश प्राप्त हो सकेंगे।इस सेवा के शुरू होने से बार के सभी सदस्यों (अधिवक्ताओं) और रजिस्ट्री अधिकारियों को रजिस्ट्री द्वारा प्रकाशित होने पर वाद-सूची उसी क्षण प्राप्त कर हो सकेंगी।

मामलों के सफल रूप से दाखिल होने पर व्हाट्सएप के माध्यम से स्वचालित संदेश प्राप्त होंगे। दायर मामलों में रजिस्ट्री द्वारा चिह्नित की गई आपत्तियों के बारे में भी जानकारी मिलेगी। शीर्ष अदालत के एक अधिकारी ने कहा, यह सुविधा मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में एक और डिजिटल पहल है। यह कागज बचाने और हमारे पृथ्वी के संरक्षण में काफी मदद करेगी।

# 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज

### 2019 में भाजपा 50, कांग्रेस 21 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के सेकेंड फेज में शुक्रवार (26 अप्रैल) को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोटिंग होगी।

पहले इस फेज में 89 सीटों पर वोटिंग होनी थी, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे।

2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं।

चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के दूसरे फेज में 1,198 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,097 पुरुष और 100 महिला उम्मीदवार हैं। एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने 1,192 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 21 प्रतिशत यानी 250 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

390 यानी 33 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 6 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य





बताई है, जबकि तीन के पास 500 से 1,000 रुपए की संपत्ति है।

### 167 कैंडिडेट्स पर हत्या, किडनैपिंग, 21 पर हेट स्पीच का मामला

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 14 फीसदी यानी 167 ऐसे उम्मीदवार हैं, जिन पर गंभीर मामले दर्ज हैं। गंभीर मामलों में हत्या, किडनैपिंग जैसे अपराध शामिल होते हैं। 3 उम्मीदवारों पर हत्या और 24 पर हत्या की कोशिश के मामले दर्ज हैं। 25 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें से एक पर रेप का मामला भी दर्ज है। वहीं, 21 कैंडिडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं।

### केरल के 3 कैंडिडेट्स पर सबसे ज्यादा क्रिमिनल केस

केरल के भाजपा अध्यक्ष और वायनाड सीट से उम्मीदवार के. सुरेंद्रन पर सबसे ज्यादा 243 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, राज्य की ही एर्नाकुलम सीट से भाजपा कैंडिडेट डॉ. के.एस. राधाकृष्णन पर 211 आपराधिक मामले दर्ज हैं। तीसरे नंबर पर इडुक्की सीट से कांग्रेस उम्मीदवार डीन कुरियाकोस पर 88 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### 33 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति

एडीआर के मुताबिक, सेकेंड फेज में 1,192 उम्मीदवारों में से 390 यानी 33 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है।

कैंडिडेट्स के पास औसत संपत्ति 5.17 करोड़ रुपए है। 6 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 300 से 1,000 रुपए की संपत्ति है।

महाराष्ट्र के नांदेड़ से निर्दलीय उम्मीदवार लक्ष्मण नागोराव पाटिल के पास कुल संपत्ति 500 रुपए है। केरल के कासरगोड़ से राजेश्वरी केआर ने 1000 रुपए और महाराष्ट्र के अमरावती से पृथ्वीसम्राट मुकींद्राव दीपवंश ने 1,000 रुपए की कुल संपत्ति घोषित की है।

**प्रचार गीत लॉन्च**



नई दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के प्रचार गीत के लॉन्च पर आप नेता संजय सिंह और गोपाल राय अन्य लोगों के साथ।

## खड़गे ने घोषणा पत्र समझने को मोदी से मांगा मिलने का समय

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर बार-बार गलत बयान दे रहे हैं इसलिए पार्टी का घोषणा पत्र समझाने के लिए उन्होंने मोदी को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री से मिलकर वह कांग्रेस के घोषणा पत्र के बिन्दुओं को लेकर उनसे वस्तुस्थिति स्पष्ट कर सुनिश्चित करना चाहते हैं कि अगली बार देश के प्रधानमंत्री कोई गलत बयान न दें। खड़गे ने कहा कि मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पर संपत्ति छीन बांटने और 'विरासत





कर' संबंधी आरोप लगाए हैं और इसी को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री को यह पत्र लिखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र में लिखा कांग्रेस न्याय पत्र का लक्ष्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जाति एवं समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है।

# पटना के होटल में आग, मां-बेटी समेत 6 की मौत

### 20 घायल पीएमसीएच में भर्ती, 45 का रेस्क्यू; कई लोगों ने कूदकर बचाई जान

पटना। पटना जंक्शन से 50 मीटर दूर पाल होटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। आग ने आसपास के 3 होटलों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मां-बेटी समेत 6 लोगों की मौत हुई है। इसमें 3 महिला और 3 पुरुष हैं। सिटी एसपी सेंट्रल सत्यप्रकाश ने बताया कि घायलों में 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि 20 लोगों का इलाज अभी पटना मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

मृतकों में चार की पहचान हुई है। इसमें एक की पहचान दिनेश सिंह कुशवाहा के रूप में हुई है, जो होटल में ही काम करते थे। भभुआ जिले के नखतौल के रहनेवाले थे। इसके अलावा राज लोखी और उसकी बेटी राज लक्ष्मी है, जो पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के रहने वाली थी। चौथे की पहचान राहुल कुमार के रूप में की गई है, जो भोजपुर के रहने वाला था। बाकी 2 लोगों की पहचान नहीं हो पाई है, कोशिश की जा रही है।

आग की लपटों के बीच 45 लोगों को निकाला गया है। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा



लिया गया है। फायर ब्रिगेड की 51 गाड़ियों का पानी आग बुझाने में लगा। आग बुझाने के बाद रेस्क्यू के लिए टीम होटल के अंदर गई, जहां शव को निकाला गया।

आग लगने के कारण पटना स्टेशन जाने वाले रास्ते को बंद किया गया था। बिल्डिंग 4 मंजिला थी। सभी फ्लोर पर आग फैली हुई थी। बिल्डिंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए हाइड्रा क्रेन का भी सहारा लिया गया। बताया जाता है कि आग लगने से होटल में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट हुए, इससे आग भड़क गई। आग ने होटल की पास वाली बिल्डिंग को भी अपनी जद में ले लिया था।

### चश्मदीद ने बताया आग कैसे लगी

होटल में नाश्ता करने पहुंचे BSF जवान ने बताया- मैं ऑर्डर देने के बाद हाथ धोने गया था। वो लोग मसाला डाल रहे थे। अचानक प्लास्टिक में आग लगी फिर सिलेंडर ने आग पकड़ ली।

पहला सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, फिर दूसरा सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। नीचे से ऊपर आग फैलती चली गई। तीन लोग नीचे कूद गए। एक महिला भी जान बचाने के लिए नीचे कूदी। एक युवक का पैर टूट गया। करीब 45 मिनट के बाद फायर ब्रिगेड पहुंची।

## पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या, दोस्त गंभीर

### सरकार बोली- कड़ी कार्रवाई होगी; आरजेडी ने पूछा अब ये कौन सा राज है

**एजेंसी**

पटना। पटना में बदमाशों ने जदयू नेता सौरभ कुमार (33) की गोली मारकर हत्या कर दी है। सौरभ अपने दोस्त मुनमुन के साथ रात 12 बजे कार से एक शादी के रिसेप्शन से लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार 4 बदमाशों ने करीब 5 राउंड फायरिंग की।

सौरभ कुमार के सिर में 2 गोली लगी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जबकि उनके दोस्त मुनमुन कुमार को 3 गोलियां लगी हैं। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामला पुनपुन थाना क्षेत्र के बढ़िया कॉल गांव का है। सौरभ कुमार प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम किया करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही





पाटलिपुत्र सीट से आरजेडी प्रत्याशी और लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने सौरभ कुमार के परिवार से मुलाकात की।

इधर, सरकार ने कहा है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। आरजेडी का कहना है कि सरकार में भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। ये कौन सा राज है।

### गुस्साए लोगों ने किया जाम

हत्या के बाद पूरे गांव में सनसनी का माहौल बन गया। आसपास के लोग सड़क पर उतर आए। लोगों ने पुनपुन पटना मार्ग पर जमकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

हत्या और लोगों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही सिटी एसपी पूर्वी भारत सोनी सहित पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को शांत कराया गया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## अरुणाचल प्रदेश में लैंड स्लाइड

### नेशनल हाईवे-313 का बड़ा हिस्सा ढहा, चीन सीमा से सटी दिबांग वैली का संपर्क देश से टूटा

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में लैंड स्लाइड के चलते नेशनल हाईवे-313 का बड़ा हिस्सा ढह गया है। चीन सीमा से लगे दिबांग वैली जिले का संपर्क पूरे देश से कट गया। दिबांग वैली जिला प्रशासन के मुताबिक बुधवार को हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई।

1. अधिकारियों के मुताबिक, लैंड स्लाइड में ढहे हिस्से के कंस्ट्रक्शन में कम से कम 3 दिन लगेंगे।

2. कई दिनों से दिबांग वैली में जारी बारिश जारी की वजह से लैंड स्लाइड।



3. दिबांग वैली को पूरे देश से नेशनल हाईवे 313 जोड़ता है।

### अरुणाचल सीएम बोले- रोड कनेक्टिविटी के निर्देश दिए

अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू कहा कि दिबांग वैली में लैंड स्लाइड की खबर मिली है। हाईवे-313 से ही दिबांग वैली पूरे देश से कनेक्ट होती है। हमने तुरंत संपर्क स्थापित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### हुनली और अनीनि के बीच हाईवे का हिस्सा ढहा

अधिकारियों के मुताबिक, दिबांग वैली में पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। हुनली और अनीनि के बीच हाईवे 313 का काफी बड़ा हिस्सा लैंड स्लाइड में ढह गया है। हाई-वे की मरम्मत के लिए टीम भेजी गई है।

## तमिलनाडु के किसानों ने किया अनोखा प्रदर्शन

दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर तमिलनडु से आए किसानों ने प्रदर्शन किया। लगभग 100 किसान अपनी मांगो को लेकर दिल्ली पहुंचे है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पेड़ पर चढ़कर प्रदर्शन किया तो वही एक किसान ने मोबाइल टावर पर चढ़कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी अपने साथ आत्महत्या किये हुए किसानों की खोपड़ी और हड्डियां भी लेकर आए है और उसके साथ प्रदर्शन कर रहे है।किसान दिल्ली अपने मांगो को लेकर



आए है उनकी मांगे है की किसान फसलों की दोगुनी कीमत मिले, किसान को व्यक्तिगत बिमा, 5000 रूपए पेंशन और भारत में सभी नदियों को जोड़ने की मांग कर रहे है।

**चुनाव**

### 2019 चुनाव में 60,000 करोड़ खर्च हुए; 2020 यूएस इलेक्शन में 1.2 लाख करोड़ खर्च

## एक्सपर्ट का दावा-इस चुनाव में 1.35 लाख करोड़ खर्च अनुमानित

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव-2024 में 1.35 लाख करोड़ खर्च हो सकते हैं। ये दावा सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के प्रमुख एन भास्कर राव ने किया है। सीएमएस बीते 35 साल से चुनाव में खर्च का लेखा-जोखा रख रहा है।

न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में राव ने बताया, भारत में इस बार 96.6 करोड़ वोटर हैं। इस लिहाज से प्रति मतदाता खर्च करीब 1,400 रुपए अनुमानित है।

2019 लोकसभा चुनाव में 60 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थे। वहीं, एक नॉन प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन OpenSecrets.org के मुताबिक, 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में 1.2 लाख करोड़ (14.4 बिलियन डॉलर) खर्च हुए थे। वॉशिंगटन स्थित OpenSecrets.org अमेरिकी नेताओं के कैंपेन खर्च और लॉबिंग पर नजर रखता है।

चुनाव में खर्च के अनुमान पर राव कहते हैं कि इसके लिए चुनाव से जुड़े प्रत्यक्ष और परोक्ष सभी तरह के खर्चों को शामिल किया गया है।

इसमें राजनीतिक दलों और संगठनों, उम्मीदवार, सरकार और चुनाव आयोग की तरफ से किया जाने वाला खर्च भी शामिल है।

राव ने बताया कि हमने इस चुनाव में पहले 1.2 लाख करोड़ खर्च का अनुमान लगाया था। बाद में जब इलेक्टोरल बॉन्ड की बात सामने आई तो इसे 1.35 लाख करोड़ कर दिया। हमारा ये आकलन चुनाव तारीखों के ऐलान से 3-4 महीने पहले का है। राव ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया में इलेक्टोरल बॉन्ड से इतर कई जगहों से पैसा आता है।

### एक्सपर्ट्स बोले- मेटा, गूगल भी कैंपेन में अहम भूमिका निभाते हैं

एक लीडिंग एडवरटाइजिंग एजेंसी डेंट्सू क्रिएटिव के सीईओ अमित वाधवा कहते हैं- राजनीतिक दल आजकल कॉर्पोरेट्स ब्रांड्स के जैसे बर्ताव करते हैं। वे प्रचार के लिए प्रोफेशनल एजेंसीज को हायर करते हैं, ताकि उनकी बेहतर ब्रांडिंग हो। इसमें डायरेक्ट और इनडायरेक्ट डिजिटल कैंपेन शामिल होता है। एक टॉप एजेंसी के ऑफिशियल के मुताबिक, किसी राजनीतिक विचारधारा से न जुड़ा वोटर, जिन्हें बाड़ पर बैठा व्यक्ति कहा जाता है, इन पर पार्टियों की नजर होती है।

वहीं, मेटा और गूगल जैसे सोशल मीडिया दिग्गज भी पॉलिटिकल कैंपेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### भारत में पॉलिटिकल फंडिंग में पारदर्शिता का अभाव

हाल ही में एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने कहा था कि भारत में होने वाली पॉलिटिकल फंडिंग में ट्रांसपेरेंसी की कमी है। एडीआर ने दावा किया था कि 2004-05 से 2022-23 तक भारत की 6 बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों को कुल फंडिंग की 60 प्रतिशत रकम मिली। ये रकम 19,083 करोड़ थी। ये पैसा अघोषित सूत्रों से आया। हालांकि, एडीआर ने लोकसभा चुनाव में खर्च को लेकर किसी तरह का अनुमान जारी नहीं किया।

## युवा कांग्रेस का 'इंडिया 300, भाजपा 150' अभियान शुरु

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने के लिए इंडिया 300, भाजपा 150 डिजिटल अभियान शुरू किया है।

युवा कांग्रेस की मीडिया प्रभारी वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के सोशल मीडिया टीम के प्रमुख मनु जैन ने यह अभियान इंडिया गठबंधन 300, भाजपा 150 के नारे के तौर पर शुरू किया है। उन्होंने इसे अद्वितीय पहल बताते हुए कहा कि देश में पहली बार मतदाताओं को संगठित करने के लिए इस अभियान को डिज़ाइन किया गया है।



उन्होंने अभियान का प्राथमिक उद्देश्य बताते हुए कहा कि देश मे पहली बार मतदाताओं को बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए आकर मुद्रास्फीति, बेरोजगारी, लोकतंत्र के संरक्षण, संविधान की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मतदान करके लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

पांडे ने कहा इस अभियान का उद्देश्य देश के सामने आने वाले गंभीर मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। नवोन्वेषी और आकर्षक तरीकों के माध्यम से युवा कांग्रेस सोशल मीडिया टीम, युवा मतदाताओं को प्रेरित करना और उन्हें कांग्रेस पार्टी के पक्ष में अपना वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है। देश जिन वास्तविक चुनौतियों से जूझ रहा है, उन पर विशेष ध्यान देने के साथ अभियान का मकसद मतदाताओं की नई पीढ़ी को राजनीतिक प्रक्रिया में सक्रिय रुचि लेने और उनकी आवाज सुनने के लिए सूचित और प्रेरित करना है।

## शार्ट न्यूज

### बारिश के सामान्य से अधिक होने का पूर्वानुमान साठ फीसदी से अधिक- बिक्रम

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम विभाग ने इस वर्ष मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह के अनुसार, इसकी संभावनाएं साठ फीसदी से अधिक हैं, इसलिए सभी विभागों को इसे ध्यान में रखते हुए अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान है। डॉ. सिंह ने गुरुवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) की ओर से मानसून की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में कहा कि मौसम विभाग मौसम संबंधी जानकारियों को लेकर लगातार एलर्ट भेजता है। इसका अनुपालन किया जाए तो आपदाओं के प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है तथा जानमाल के नुकसान में भी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा इम्पेक्ट बेस्ड पूर्वानुमान जारी किया जा रहा है, जिससे विभिन्न विभागों को समय रहते अपनी-अपनी तैयारियां करने का पर्याप्त समय मिल जाता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा मौसम की रियल टाइम मॉनीटरिंग भी की जा रही है, जिससे काफी हद तक सटीक पूर्वानुमान लगाना संभव है।

### 22 मई को हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे जाएगा तीर्थ यात्रियों का पहला जत्था

देहरादून। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात कर उन्हे 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में प्रथम जत्थे को रवानगी हेतु आमंत्रित किया, जिससे हेमकुंड साहिब यात्रा का शुभारंभ होगा। राज्यपाल ने श्री बिंद्रा से हेमकुंड साहिब यात्रा की तैयारियों और यात्रा मार्गों में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहे कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो इसके लिए यात्रा मार्गों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। श्री बिंद्रा ने राज्यपाल को हेमकुंड यात्रा के लिए भी आमंत्रित किया। इस दौरान, श्री बिंद्रा द्वारा उन्हे बताया गया कि यात्रा की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं और यात्रा मार्गों में पैदल रास्तों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। भारतीय सेना द्वारा बर्फ को हटाकर पथ को यात्रियों के लिए सुगम बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रूतूड़ा में ट्रस्ट के द्वारा पांच हजार यात्रियों के ठहरने हेतु आधुनिक धर्मशाला एवं प्रारंभिक चिकित्सा हेतु अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है जिसमें हेमकुंड सहित चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं की सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा शासन एवं प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय कर यात्रियों के लिए निर्बाध और सुरक्षित यात्रा के प्रयास किए जा रहे हैं।

### 'नाराजगी' की खबरों के बीच बिश्नोई से मिले सैनी

हिसार। हरियाणा में हिसार लोकसभा सीट से टिकट न मिलने से नाराज चल रहे भाजपा नेता और पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई से मिलने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को उनके दिल्ली आवास पहुंचे। यहाँ मिली जानकारी के अनुसार सैनी के मनाने के बाद बिश्नोई ने एलान किया कि वह लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिये प्रचार करेंगे। आधिकारिक तौर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिश्नोई ने नाश्ते पर बुलाया था। उन्होंने कहा, हमारे बीच कोई नाराजगी नहीं है। हिसार लोकसभा सीट से भाजपा ने रणजीत चौटाला को उम्मीदवार बनाया है, जिसके बाद से बिश्नोई ने चुनाव प्रचार से दूरी बना रखी है। वह खुद हिसार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाह रहे थे। टिकट न मिलने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर नाराजगी भी जाहिर की थी। इसके बाद उन्होंने रणजीत चौटाला के प्रचार से भी दूरी बना ली। वह एक बार भी उनके कार्यालय नहीं गये। यहाँ तक अटकलें लगाई जाने लगीं कि वह फिर काँग्रेस में जा सकते हैं। इसी बीच श्री बिश्नोई ने सफाई देते हुए कहा था कि सोशल मीडिया पर उनके कांग्रेस में जाने की कुछ खबरें चल रही हैं, जो कि पूरी तरह से भ्रामक एवं निराधार हैं। उन्होंने संघ परिवार और भारतीय जनता पार्टी का साधारण कार्यकर्ता बनकर काम किया है और आगे भी करते रहेंगे।

### वायु सेना के मार्शल का 5वां संस्करण

चंडीगढ़। मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2024 का 5वां संस्करण 25 से 30 अप्रैल, 2024 तक नंबर तीन बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी), चंडीगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह गुरुवार को रघबीर सिंह भोला हॉकी स्टेडियम, बीआरडी एयर फोर्स स्टेशन, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया। एयर मार्शल आरके आनंद, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन, जो टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि थे, ने टूर्नामेंट के उद्घाटन की घोषणा की। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रमुख अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों, डीएसपी धर्मवीर सिंह (ओलंपियन) और पूर्व वायु सेना हॉकी खिलाड़ियों, ग्रुप कैप्टन जेएस मिन्हास (सेवानिवृत्त) और पूर्व सार्जेंट प्रेम कुमार को सम्मानित किया गया। दर्शकों ने एयर वारियर ड्रिल टीम (एडब्ल्यूडीटी) द्वारा प्रदर्शित दृढ़ता, सटीकता, समन्वय और टीम वर्क का एक रोमांचक हवाई प्रदर्शन भी देखा। उद्घाटन के दिन कुल चार मैच निर्धारित थे। दिन के पहले भाग में, श्रीलंका वायु सेना और भारतीय वायु सेना के बीच मैच खेले गये और उसके बाद दूसरा मैच चंडीगढ़ इलेवन और पंजाब पुलिस के बीच खेला गया। पहले मैच में भारतीय वायुसेना ने श्रीलंका वायुसेना के खिलाफ 4-0 से विजय हासिल की।

### जींद कांड- तथ्य जांच समिति में दो मंत्रियों को शामिल करने पर सवाल

चंडीगढ़। हरियाणा के जींद जिले एक सरकारी कन्या विद्यालय में छात्राओं से तथाकथित यौन उत्पीड़न की घटनाओं की तथ्य जांच समिति में दो मंत्रियों को शामिल करने पर सवाल उठने लगे हैं। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वकील हेमंत कुमार ने वीरवार को यहाँ बताया कि मंगलवार को हरियाणा विधानसभा सचिवालय की तरफ से प्रदेश सरकार के गजट में प्रकाशित एक अधिसूचना के आदेशानुसार पिछले साल 22 दिसम्बर को गठित तथ्य-जांच समिति (फैक्ट फाइंडिंग कमेटी) में प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार के दो राज्य मंत्रियों शिक्षा राज्यमंत्री सीमा त्रिखा (अध्यक्ष) जबकि परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल (सदस्य) को नामित किया गया है। हरियाणा विधानसभा के दिसम्बर, 2023 के शीतकालीन सत्र में जींद जिले के उचाना मंडी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के तत्कालीन प्राचार्य करतार सिंह द्वारा वर्ष 2005 से 2023 के दौरान कई छात्राओं से तथाकथित यौन उत्पीड़न की घटनाओं पर चर्चा के बाद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एक तथ्य जांच समिति का गठन किया गया था, जिसके अध्यक्ष तत्कालीन स्कूल शिक्षा मंत्री कँवर पाल बनाये गये थे और समिति में उनके अतिरिक्त अम्बाला शहर से भाजपा विधायक असीम गोयल, जुलाना से जजपा विधायक अमरजीत ढांडा एवं हरियाणा के महाधिवक्ता बलदेव राज महाजन को उक्त कमेटी में विशेष आमंत्री बनाया गया था।

### शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पांच अभियुक्तों पुलिस रिमांड पर

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से आयोजित तीसरी शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में उज्जैन से गिरफ्तार किए गए पांच अभियुक्तों को पटना की एक विशेष अदालत ने आज हिरासाती पूछताछ के लिए दो दिनों की पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का आदेश दिया। आर्थिक अपराध की विशेष अदालत की न्यायाधीश सारिका बहेलिया की अदालत में एक आवेदन दाखिल कर बिहार पुलिस की विशेष आर्थिक ईकाई ने उज्जैन से गिरफ्तार किए गए इस मामले के कथित पांच सेटरों शिवकुमार उर्फ डॉक्टर शिवकुमार, प्रदीप कुमार, बल्ली उर्फ संदीप, तेजस्वी कुमार और सौम्या कुमार को एक सप्ताह के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने का अनुरोध किया था। आवेदन पर सुनवाई के बाद अदालत ने पांचों अभियुक्तों को दो दिनों की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए विशेष आर्थिक ईकाई को सौंपे जाने का आदेश दिया। मामला बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा तृतीय के प्रश्नपत्र के लीक होने का है।

# गौतमबुद्ध नगर में मतदान आज

## आज 7 बजे से 1826 बूथों पर होगी वोटिंग, 26.75 लाख वोटर करेंगे मतदान

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में आज मतदान होना है। इसके लिए फूल मंडी से पोलिंग पार्टियां रवाना होने की शुरुआत हो चुकी है। चुनाव में 10 हजार पुलिसकर्मी और जवान मतदान केंद्रों की सुरक्षा संभालेंगे। सुरक्षा के लिहाज से जिले को सात सुपरजोन और 120 सेक्टर में बांटा गया है। 26.75 लाख मतदाता प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। इसमें सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा विधानसभा क्षेत्र के हैं।




गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर करीब एक माह से चल रहा चुनाव प्रचार बुधवार को शाम पांच बजे थम गया। चुनाव के लिए अधिग्रहीत किए गए 800 वाहनों में 1826 पार्टियां रवाना होंगी। शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। जिले में दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को 641 मतदान केंद्र व 1826 मत देय स्थलों पर मतदान होगा।

### 800 निजी और व्यवसायिक गाड़ियां लगाई गईं

फेस-2 फूल मंडी से सुबह करीब 10 बजे से पोलिंग पार्टियां रवाना होना शुरू हो गई है। प्रशासन ने पोलिंग पार्टियों के लिए 800 निजी और व्यवसायिक वाहनों का अधिग्रहण किया है। इनमें 500 बसें हैं, जबकि 300 के करीब छोटे वाहन हैं। उप निर्वाचन अधिकारी और एडीएम वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने बताया कि आरक्षित मशीनें पोलिंग पार्टियों से बचने के बाद वापस आ जाएंगी, जिन्हें पोलिंग के दिन केंद्रों पर भेजा जाएगा।

चुनाव कराने के लिए जिले को 26 जोन में बांटा गया है। मतदान के दिन मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी गई है, जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड पर रखेंगे। पीठासीन अधिकारी और मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रचार की समाप्ति के बाद सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर यह सुनिश्चित करने में जुट गए हैं कि सभी बाहरी राजनैतिक पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दें।

इससे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि सभी मतदान कर्मी सुबह 5: 00 बजे फूल मंडी फेस-2 पहुंच गए थे। यहां से नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभाओं के स्ट्रॉन्ग रूम सुबह 6 बजे खोले गए। अब पोलिंग पार्टियां चुनाव से संबंधित सामग्री लेकर स्टेशन की ओर रवाना हो रही है।

## रवि काना को भारत लाने के लिए पुलिस ने इंटरपोल से किया संपर्क

एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** स्क्रैप माफिया रवि काना को थाईलैंड से भारत लाने के लिए गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने इंटरपोल से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। रवि काना को कहां से गिरफ्तार किया है और कहां रखा गया है, इन सभी के बारे में इंटरपोल अधिकारियों को ई-मेल के माध्यम से जानकारी मांगी गई है। पुलिस विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि रवि काना को भारत लाने के लिए करीब एक माह का समय लगेगा। अब तक इंटरपोल की ओर से औपचारिक रूप से कोई सूचना नहीं दी है। स्क्रैप माफिया पर दिसंबर 2023 में नोएडा सेक्टर-39 कोतवाली में युवती ने सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद जनवरी-2024 में उसके समेत गैंग के 16 लोगों पर बीटा-दो पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद रवि काना नेपाल के रास्ते से सहकर्मी काजल झा के साथ थाईलैंड भाग गया था। वहां पर उसकी पत्नी मधु भी गई थी, लेकिन लौटने पर उसे दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ करने के बाद कई अहम तथ्य पुलिस को मिले थे और फिर इंटरपोल, सीबीआई और इमीग्रेशन को रवि काना की प्रत्येक सूचना पुलिस ने दे दी थी। बीच कई बार लगातार इन सभी एजेंसियों से पुलिस का संपर्क होता रहा है। मगर चुनाव के दौरान व्यस्त होने के कारण पुलिस ने एजेंसियों से संपर्क नहीं हो सका। मगर अब रवि काना और उसकी पार्टर काजल झा की गिरफ्तारी की सूचना के बाद कमिश्नरेट पुलिस ने अंटरपोल से संपर्क साधने के लिए ई-मेल के माध्यम से कुछ सूचनाएं साझा करने की अपील की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, रवि काना को लेकर काफी सूचनाएं उनके पास थी, लेकिन उसकी पत्नी मधु के गिरफ्तार होने के बाद कई अहम जानकारी उनको मिली थी।

## मतदान से एक दिन पहले पकड़ा 3.75 लाख कैश

नोएडा। मतदान के ठीक एक दिन पहले तक नोएडा में कैश पकड़ा जा रहा है। गुरुवार को थाना सेक्टर 20 पुलिस एवं एफएसटी टीम द्वारा बीएसएनएल पर चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक टोयटा ग्लैंजा को रोका गया। चेकिंग के दौरान बैग में 3 लाख 75 हजार 500 रुपए कैश मिले। नोट 500-500 रुपए के थे।

कैश के बारे में साक्ष्य और दस्तावेज मांगने पर चालक रिपुदमन तख्तार कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर सके। रिपुदमन नोएडा के सेक्टर-19 के निवासी है। कैश को जब्त कर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जानकारी दे दी गई है। आचार संहिता के बाद नोएडा, ग्रेटरनोएडा में चेकिंग के दौरान अब तक करीब 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम पकड़ी जा चुकी है। ये रकम हरियाणा, दिल्ली से होते हुए यूपी में प्रवेश कराई जा रही थी। हालांकि बार्डर पर सघन चेकिंग होने के चलते ये पकड़ा जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर में कल मतदान होना है।

इसको लेकर दिल्ली से जुड़ी सीमाओं को भी सील कर दिया गया है। यहां सघन चेकिंग के बाद ही नोएडा में वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है। इसके अलावा प्रमुख रास्ता पर भी टीमें चेकिंग कर रही है।

## चुनाव के दौरान मदद करेगा ई-संपर्क नोएडा पुलिस ऐप

### बूथ वार संपर्क करने में मिलेगी मदद, बीएलओ से लेकर पार्षद तक के होंगे नंबर

नोएडा। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने ई-सम्पर्क नोएडा पुलिस ऐप को लॉन्च किया गया है। यह ऐप चुनाव में ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों की चुनाव के दौरान मदद करेगा। कमिश्नरेट पुलिस की मीडिया सेल से मिली जानकारी के मुताबिक 26 अप्रैल को गौतमबुद्धनगर में द्वितीय चरण का चुनाव होना है। इस दौरान शांति पूर्ण और सकुशल चुनाव को संपन्न कराने के लिए नोएडा पुलिस की तरफ से ई-सम्पर्क नोएडा पुलिस ऐप को लॉन्च किया गया है।



यह ऐप चुनाव के दौरान ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को पोलिंग बूथ वार सम्पर्क करने में मददगार होगा। मीडिया सेल के मुताबिक ऐप में विधानसभा एवं बूथ वार संभ्रान्त व्यक्तियों के नाम एवं मोबाइल नम्बर खोजने की सुविधा है। जिसमें बीएलओ, ज़ोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारी, चौकी प्रभारी, प्रधान, पार्षद के नाम और नंबर उपलब्ध होगे। इसके साथ ही ऐप में गूगल मैप के जरिए से मतदान केन्द्र तक पहुंचने की सुविधा होगी। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के मोबाइल नंबर प्राप्त करने में सुविधा। चुनाव से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज प्राप्त करने की सुविधा होगी। ऐप स्टोर पर ई-सम्पर्क नोएडा पुलिस ऐप दिखेगा।

ऐप को खोलने पर बूथ वार सम्पर्क, पुलिस सम्पर्क, प्रशासनिक सम्पर्क व अतिरिक्त दस्तावेज बटन पर क्लिक करें। बूथ वार सम्पर्क बटन पर क्लिक करने के पश्चात अगला पेज खुलेगा। जिसमें जिले का नाम, विधान सभा व बूथ नंबर भरकर व्यू डिटेल्स पर क्लिक करके सारी जानकारी हासिल की जा सकती है।

## दृष्टिहीन दंपति से लूटपाट करने वाला ऑटो चालक गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर ईकोटेक-3 पुलिस ने दो दिन पहले दृष्टिहीन दंपति समेत तीन लोगों के साथ लूटपाट करने वाले आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से लूटा हुआ मोबाइल, नगदी, राशन का सामान और वारदात में इस्तेमाल ऑटो बरामद हुआ है। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि हबीबपुरा गांव में दृष्टिहीन दिलीप पासवान अपनी पत्नी रेणुका और मित्र राजकुमार के साथ किराये के मकान में रहते हैं। दृष्टिहीन राजकुमार ने पुलिस को बताया कि वह, दिलीप पासवान और रेणुका मंगलवार की सुबह हबीबपुर से दिल्ली की ट्रस्ट में राशन का सामान लेने गए थे। इसके बाद वह वापस लौट रहे थे। बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार शाम उतरकर उन्होंने हबीबपुर के लिए ऑटो बुक किया। हबीबपुर के पास ऑटो चालक उनका एक मोबाइल, कैश और राशन का सामान लूटकर ले गया। इस संबंध में ईकोटेक-3 में थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से पुलिस चौकी डी पार्क के पास से आरोपी ऑटो चालक मैनपुरी के भोगांव निवासी प्रियांशु राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी वर्तमान में सूरजपुर के तिलपता गांव में किराये के मकान में रहता है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लूटा गया सामान बरामद कर लिया।

### बदमाशों ने पहले फ्लैट से चाबी चुराई, फिर पार्किंग से कार ले गए

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के शाहबेरी स्थित लक्ष्मी रेजिडेंसी सोसाइटी के फ्लैट का ताला तोड़कर बदमाशों ने पहले नगदी, गहने और कार की चाबी चुराई। फिर पार्किंग में खड़ी कार भी ले गए। वारदात के वक्त पीड़ित परिवार शादी समारोह में गया। पीड़ित ने बिसरख कोतवाली में केस दर्ज कराया है। बिसरख के मुताबिक लक्ष्मी रेजिडेंसी सोसाइटी में रहने वाले गौरव अपने परिवार के साथ मिर्जापुर अपने मामा की बेटी की शादी में गए थे। इस बीच बदमाशों ने उनके फ्लैट का ताला तोड़कर नगदी और गहने चोरी कर लिए।

## नाले में महिला का शव मिलने से हड़कंप

नोएडा। सेक्टर-8 के पास गुरुवार को नाले में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। फेज-1 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त करने की कोशिश शुरू कर दी।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीआरवी द्वारा सूचना मिली कि सेक्टर-8 के पास नाले में महिला का शव पड़ा है। शुरुआती जांच में महिला की उम्र करीब 30 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव 24 घंटे पुराना लग रहा है। महिला ने साड़ी पहन रखी है, जो काफी पुरानी है। पुलिस ने अंदेशा जाहिर किया है कि महिला रात को नाले के किनारे बैठी थी। इस दौरान नाले में गिरने से उसकी मौत हो गई है। पुलिस की टीम ने लोगों से महिला के बारे में पूछताछ की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने महिला के बारे में जानकारी जुटाने के लिए आसपास के जिलों की पुलिस से संपर्क किया है।

## बारामूला में मादक पदार्थ महिला तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज, अन्य दो गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को बारामूला जिले में मादक पदार्थ में शामिल एक महिला तस्कर के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और अन्य दो तस्करों को प्रतिबंधित पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महिला तस्कर का नाम नरगिस अख्तर है जो शाहवलायत कॉलोनी उमराबाद श्रीनगर निवासी है। सक्षम प्राधिकारी से औपचारिक हिरासत आदेश मिलने के बाद स्वापक ओषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम (पीआईटी-एनडीपीएस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, महिला को गिरफ्तार करने के बाद केद्रीय कारागार कोट भलवाल जम्मू में रखा गया है। पुलिस ने कहा, महिला तस्कर के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए थे और वह पट्टन, तंगमर्ग नौपोरा, वागुरा, क्रेरी तथा बारामूला जिले के अन्य क्षेत्रों के स्थानीय युवाओं में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के व्यापार को बढ़ावा देने में शामिल है। पुलिस ने बताया कि महिला तस्कर के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी उसने मादक पदार्थों की तस्करी को जारी रखा है।

## फारुख अब्दुल्ला ने मोदी पर लगाया देश तोड़ने की कोशिश करने का आरोप

श्रीनगर। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए उनपर देश को तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

श्रीनगर में कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री का हाल ही में राजस्थान में दिया गया भाषण पूरी तरह से मुस्लिम विरोधी है और उसने देश के मुस्लमानों को हिला दिया है। श्रीनगर

संसदीय सीट ने अपनी पार्टी उम्मीदवार आगा रुहुल्लाह के आज नामांकन पत्र भरते के बाद उन्होंने श्री रुल्लाह के



समर्थन में प्रचार किया।

नेकां अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री को राष्ट्र के संविधान के तहत देश के सभी लोगों की सुरक्षा करनी है।

जम्मू -कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, जो भी देश का प्रधानमंत्री बनेगा वह सभी के लिए पिता तुल्य है और उसे कभी भी लोगों को उनके रंग, पंथ या धर्म, भोजन या कपड़े से अलग नहीं करना पड़ेगा चाहे कोई उनकी पार्टी का हो या नही। उन्होंने आरोप लगाया, मैं पीएम के भाषण से निराश हूं क्योंकि वह देश को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हिंदू, मुस्लिम और ईसाई सहित जो भी देश के नागरिक हैं। फारूक ने कहा, इंडिया गठबंधन देश के संप्रदायों के बीच दरार पैदा करने के खिलाफ है।

श्री अब्दुल्ला ने कहा कि इंडिया समूह का गठन सिर्फ भारत की पहचान और संविधान की रक्षा के लिए किया गया था, जिस पर खतरा मंडरा रहा है।

एनसी अध्यक्ष ने कहा, इंडिया समूह देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने और डॉ. अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान की रक्षा के लिए है।

श्री अब्दुल्ला ने उन दिनों की यादें ताजा करते हुए कहा कि जब कांग्रेसी नेता राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर आये थे और यात्रा के दौरान बर्फबारी हुई लेकिन उन्होंने यहां आकर लोगों को आश्वस्त किया कि वह यहां लोगों के दर्द और परेशानियों को कम करने के लिए यहां आये हैं।

उन्होंने चुनाव में इंडिया समूह की जीत का दावा करते हुए कहा कि समूह डॉ़ अंबेडकर के संविधान की रक्षा करेगा।

## सिद्दारमैया ने मोदी के कर्नाटक आरक्षण नीति के दावों का खंडन किया

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने राज्य में आरक्षण नीतियों के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया दावों का गुरुवार को जोरदार खंडन करते हुये उसे सरासर झूठ करार दिया और इस मुद्दे पर बुनियादी ज्ञान की कमी का उन पर आरोप लगाया।

राजस्थान के टोंक में हाल ही में एक चुनावी रैली में श्री मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने आरक्षण कोटा पिछड़े वर्गों और दलितों से मुसलमानों को हस्तांतरित कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने दलित कोटे से मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया और पार्टी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए गहरी साजिश को अंजाम देने का आरोप लगाया। इन आरोपों का जवाब देते हुए सिद्दारमैया ने आज यहां कर्नाटक में पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत मुसलमानों



के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का बचाव किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह आरक्षण दशकों से लागू है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित किसी भी पिछली सरकार ने इसे चुनौती नहीं दी है।

सिद्दारमैया ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दावा कि कांग्रेस ने आरक्षण कोटा पिछड़े वर्गों और दलितों से मुसलमानों को स्थानांतरित कर दिया है, एक सफ़ेद झूठ है।

उन्होंने प्रधानमंत्री से इन आरोपों को सबूतों के साथ साबित करने या देश से माफी मांगने की अपील की।

सिद्दारमैया ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि संवैधानिक आरक्षण में किसी भी बदलाव के लिए संसद के दोनों सदनों की मंजूरी की आवश्यकता होती है और इसमें मनमाने ढंग से संशोधन नहीं किया जा सकता है। उन्होंने इस मुद्दे पर ज्ञान की कमी और मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण रद्द करने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक जैसी महत्वपूर्ण जानकारी को नजरअंदाज करने के लिए प्रधानमंत्री की आलोचना की।

मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री की उपलब्धियों पर भी सवाल उठाया और सुझाव दिया कि वह एक असफल नेता हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से शासन करने के बावजूद मोदी की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की कमी स्पष्ट है।

अंत में सिद्दारमैया ने इस मामले पर मोदी के नए सहयोगी और जनता दल (एस) संरक्षक एचडी देवेगौड़ा की राय जानने की उत्सुकता व्यक्त की और उनसे आरक्षण नीतियों पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की।

## त्रिपुरा में चुनाव ड्यूटी के लिये तैनात लगे बीएसएफ जवान की बस में मौत

अगरतला। त्रिपुरा पूर्व संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवान की गुरुवार को मृत्यु हो गयी। बीएसएफ जवान उत्तरी त्रिपुरा जिले के कंचनपुर में सुरक्षा शिविर की ओर जाती हुई बस में मृत पाया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीएसएफ जवान कल रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद लौट रहा था। शहीद जवान बस के फर्श पर खून से लथपथ पाया गया और उसके सिर में गोली लगी थी।

मृतक जवान की पहचान रक्सा नरगिस केशव (27) के रूप में हुयी और वह पानीसागर में बीएसएफ की 199वीं बटालियन में तैनात था और महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला था।

पुलिस के मुताबिक, कल रात करीब 11 बजे केशव सुरक्षा गश्त पूरी कर अन्य 22 जवानों के साथ कैंप लौट रहा था और बस की आखिरी सीट पर अकेला बैठा था।

पुलिस ने कहा, यह महज एक दुर्घटना है, लेकिन आत्महत्या की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जब बस सड़क से फिसल कर गड्ढे में गिरी तो गोली चलने की आवाज आयी और लोगों ने उसे मृत पाय।

पुलिस ने कहा कि ऐसा भी हो सकता है कि दिन भर ड्यूटी की थकान के बाद केशव भरी हुयी राइफल के साथ बस में सो गया होगा और जब बस गड्ढे में गिरी तो अनजाने में उससे ट्रिगर दब गया होगा और गोली उसके सिर में लग गयी होगी।

## शार्ट न्यूज

### संसद सुरक्षा उल्लंघन मामला : दिल्ली की अदालत ने जांच पूरा करने को पुलिस को दिया 30 दिन का समय

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में दिल्ली पुलिस की याचिका पर सुनवाई के बाद गुरुवार को जारी आदेश में मामले की जांच पूरा करने के लिए उसे (पुलिस) 30 दिन का अतिरिक्त समय दिया। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने दिल्ली पुलिस की ओर से अनुरोध सुनने के बाद मामले में जांच पूरी करने के लिए उसे 30 दिन का और समय दिया। अदालत ने मामले में सभी छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 25 मई तक बढ़ा दी है। दिल्ली पुलिस ने दायर याचिका में अदालत से मामले से संबंधित अपनी जांच पूरी करने के लिए 45 दिन और बढ़ाने का अनुरोध किया। मामले में सुनवाई के लिए सभी आरोपियों को अदालत में सशरीर पेश किया गया। यह मामला 13 दिसंबर, 2023 को संसद हमले की बरसी पर सुरक्षा उल्लंघन से संबंधित है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी मनोरंजन, नीलम आजाद, सागर शर्मा, अमोल शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत को गिरफ्तार कर लिया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत जांच जारी है।

### इंडिया गेट के पास आइसक्रीम विक्रेता को चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली में इंडिया गेट के पास एक आइसक्रीम विक्रेता की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रभाकर (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार देर शाम एक आइसक्रीम विक्रेता पर चाकुओं से हमले की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अभी हत्यारोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि मृतक पर झगड़े के कारण चाकू से हमला किया गया था। मृतक के शरीर पर तीन घाव हैं, जिनमें से एक बहुत गहरा था जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के पास से कुछ पैसे, एक घड़ी और बैग बरमाद किया गया है। पुलिस ने कहा कि धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### दिल्ली का काला दिवस 21 मार्च था, जब भ्रष्टाचार में सीएम गिरफ्तार हुए थे : भाजपा

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आप नेता दुर्गेश पाठक व सौरभ भारद्वाज निगम चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति पर विवाद उठा रहे हैं। उन्हें दिल्ली वालों को बताना चाहिए कि बिना पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के दिल्ली एमसीडी मेयर चुनाव क्यों घोषित किया गया। इसी तरह विधानसभा अध्यक्ष विधायकों का एमसीडी सदन में नामांकन भी विवादित हैं, क्योंकि उसमें भी नियमानुसार फाइल पर मुख्यमंत्री की सिफारिश होनी चाहिए थी जो इस बार नहीं है। निगमायुक्त और निगम सचिव नहीं चाहते थे कि बिना स्वीकृति के चुनाव की घोषणा की जाए। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के नेताओं ने दबाव डालकर घोषणा करवाई और उसी का परिणाम है कि अब चुनाव को लेकर समस्या आ रही हैं। निगम प्रशासन नियमानुसार पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की फाइल मुख्य सचिव से मुख्यमंत्री फिर मुख्य सचिव और उपराज्यपाल को जानी होती है, लेकिन मुख्यमंत्री के जेल में होने से समस्या उत्पन्न हुई है। केजरीवाल के मुख्यमंत्री बने रहने की जिद्द की वजह से यह परेशानी हुई है। आने वाले समय में ऐसे अनेक प्रशासनिक विवाद सामने आएंगे।

### जॉब दिलाने के नाम पर युवक ने लूटी अस्मत, एक महिला ने भी दिया दरिंदगी में साथ

साहिबाबाद (गाजियाबाद)। गाजियाबाद से साहिबाबाद स्थित टीला मोड़ थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में दिल्ली शाहदरा की युवती को कार चालक ने नौकरी दिलाने के बहाने दुष्कर्म किया। आरोप है कि चालक के साथ घटना में एक महिला ने भी साथ दिया। युवती ने पुलिस को शिकायत देकर महिला और चालक पर दुष्कर्म, साजिश करने व धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। युवती ने पुलिस को बताया कि उन्हें करीब चार महीने पहले एक कार चालक से लिफ्ट ली थी। चालक ने जरूरत बताकर उसका फोन लेकर किसी से कॉल पर बात की। आरोप है कि इस बहाने चालक ने उनका फोन नंबर ले लिया। इसके बाद दोनों की दो महीने तक फोन पर बात होती रही लेकिन युवती ने अचानक अपना फोन नंबर बंद कर दिया। चालक 16 अप्रैल को अचानक उन्हें फिर मिला और नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती को गाड़ी में बैठाकर टीला मोड़ थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में ले गया। वहां एक फ्लैट में महिला मिली थी। चालक और महिला ने आपस में बात की।

### नकली गहने देकर हड़पे सात लाख रुपये

इंदिरापुरम। कोतवाली क्षेत्र में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के असिस्टेंट सेक्शन अधिकारी को नकली गहने देने पर उनकी बहन की शादी टलने का मामला सामने आया है। उन्होंने इंदिरापुरम पुलिस को सराफ बंधुओं के खिलाफ सात लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा कराया है। आरोप है कि दोनों सराफ की दुकान बंद करके भाग गए। शक्तिखंड में रहने वाले जतिन आवास और शहरी कार्य मंत्रालय में असिस्टेंट सेक्शन अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि बहन की शादी 18 अप्रैल को होनी थी। मार्च महीने में उन्होंने नीतिखंड सेक्टर-2 के तरुण कपूर और पंकज कपूर को शादी के लिए गहने बनाने का ऑर्डर दिया था। इसके लिए उन्होंने करीब दो लाख रुपये नकद और दो लाख दस हजार रुपये कीमत का नेकलेस, करीब ढाई लाख कीमत का कंगन दिया था। आरोप है कि शादी से कुछ दिन पहले सराफ बंधु ने उन्हें नकली गहनों पर 24 कैरेट का पानी चढ़ाकर दे दिया। जब उन्होंने दूसरी दुकान पर गहने की जांच कराई तो उसमें आरोपियों की जालसाजी का खुलासा हुआ।

### दिव्या हत्याकांड के मुख्य आरोपी की जमानत याचिका खारिज



गुरुग्राम। दिव्या पाहुजा मर्डर के मामले में मुख्य आरोपी अभिजीत सिंह की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र मलिक की अदालत में बुधवार को हुई सुनवाई के बाद यह फैसला आया। आरोपी ने मेडिकल ग्राउंड में दांतों में बीमारी के उपचार के लिए जमानत याचिका दायर की थी जिसे अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद खारिज कर दिया है। बता दें कि दो जनवरी 2024 की रात गुरुग्राम के एक होटल के कमरा नंबर 111 में गैंगस्टर संदीप गाडौली की प्रेमिका मॉडल दिव्या पाहुजा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारोपी अभिजीत सिंह ने अपने होटल के दो कर्मचारियों के साथ मिलकर उसका शव कंबल में लपेटकर कार की डिग्गी में ले जाकर उसे मुनक नहर में फेंक दिया था तभी से आरोपी जेल में बंद है।

### पार्टी के दौरान विवाद में गोलगप्पे विक्रेता की हत्या

गुरुग्राम। वजीराबाद मंडी के सामने सार्वजनिक शौचालय के पास मंगलवार रात गोलगप्पे की रेहड़ी लगाने वाले 32 वर्षीय अरविंद की कांच की बोतल से गला काटकर हत्या कर दी गई। रात को अरविंद और हत्या करने वाले आरोपी साथ में शराब पार्टी कर रहे थे। इस दौरान उनके बीच मजाक करने को लेकर झगड़ा हो गया और कांच की बोतल से अरविंद की गर्दन काट दी। थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान सुमित और आकाश निवासी आगरा के चौखड़ा गांव के रूप में हुई है। अरविंद की पत्नी ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से मध्य प्रदेश के दतिया की रहने वाली हैं। यहां माता चौक, वजीराबाद में दो बच्चों के साथ किराये पर रहती हैं। पति वजीराबाद मंडी के सामने गोलगप्पे की रेहड़ी लगाते थे। मंगलवार रात करीब 11 बजे रेहड़ी पर दो अज्ञात युवकों ने कांच की बोतल से हमला करके पति की हत्या कर दी।

# भाजपा जीत गई तो 2024 के बाद देश में नहीं होंगे चुनाव : आप

## पहले कभी भी बगैर वोट डाले, बगैर चुनाव हुए कोई सत्ताधारी पार्टी चुनाव नहीं जीती है

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने देशवासियों को संविधान और लोकतंत्र बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर भाजपा चुनाव जीत गई तो फिर इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत के लोकतंत्र को किस तरह से खत्म करने की कोशिश की गई है और ऑपरेशन लोटस चला कर किस तरह से अलग-अलग सरकारों को गिराने की कोशिश की गई है, इसका जीता जागता उदाहरण पूरे देश के सामने है। उन्होंने कहा कि अब जो सूरत से शुरुआत हुई है वह इस बात का संकेत है कि पिछले 10 साल में ऑपरेशन लोटस चलाकर भाजपा ने अलग-अलग राज्य के विधायकों को तोड़ा और खरीदा,



सरकारों को गिराया, लेकिन 2024 के बाद इस देश में चुनाव नहीं होगा। सूरत से इसकी शुरुआत हो चुकी है।

सिंह ने कहा कि आज से पहले कभी भी यह नहीं सुना गया था कि सत्ताधारी पार्टी बगैर मतदान के लोकसभा का चुनाव जीत गई हो।

पहले कभी भी बगैर वोट डाले, बगैर चुनाव हुए कोई सत्ताधारी पार्टी चुनाव नहीं जीती है। सूरत में न सिर्फ कांग्रेस, बल्कि सभी दलों के प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया गया। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों का भी पर्चा खारिज कर दिया गया और चुनाव से पहले ही भाजपा के प्रत्याशी को प्रमाण पत्र पकड़ा दिया गया। 2024 के बाद पूरे देश में ऐसा ही होने जा रहा है। केवल दिखावे के लिए एक संविधान होगा, जो आरएसएस का नागपुर का संविधान होगा।

नागपुर के संविधान में आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी, किसानों के अधिकार की बात नहीं होगी, महिलाओं और युवाओं के रोजगार और सुरक्षा की बात नहीं होगी। देश में आरएसएस का संविधान होगा और बाबा साहब अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान को खत्म किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने पूरे हिंदुस्तान को जगाया कि भारत का लोकतंत्र खत्म होने वाला है, वोट का अधिकार खत्म होने वाला है और लोकतांत्रिक व संवैधानिक संस्थाओं को खत्म किया जा रहा है।

पूरे देश को पता है कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कैसे लोकतंत्र की हत्या की गई? चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कैमरे के सामने आम आदमी पार्टी के 8 वोट खराब करते हुए रंगे हाथ भाजपा पकड़ी गई थी।

इस दौरान सिंह ने गुजरात के गांधीनगर से एक प्रत्याशी की वायरल हो रही वीडियो को भी दिखाया। इस वीडियो में प्रत्याशी रो रहा है और देश बचाने की गुहार लगा रहा है। वीडियो में कहता दिख रहा है कि उसका अपहरण कर लिया गया है और उस पर जबरदस्ती नामांकन पत्र वापस लेने के लिए दबाव डाला जा रहा है। वह कह रहा है कि अमित शाह के लोगों ने उसे अगवा कर लिया है।

# जेईई मेन में 500 से ज्यादा छात्रों ने हासिल की रैंक

**एजेंसी**

नोएडा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई मेंस सेशन-2 में जिले के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। करीब 500 से ज्यादा छात्रों ने जेईई एडवांस के लिए क्वॉलिफाई किया है। भव्य तिवारी की 132 रैंक, अर्जुन अविनाश शिंदे की 286, अरमान चौधरी की 423, ईशान जैन की 406 रैंक आई है। अब यह छात्र एडवांस की तैयारी में जुट गए हैं।

इसके अलावा इसमें आराध्या गोयल 771, तनीश अग्रवाल 1212, अंकित मित्तल 1336, अमन गुप्ता 1645, शांतनु 1793, शुभम महेश बंसल 1933, सक्षम सिंह 2129, आयुष्मान मनोहर 2301, वंश गौतम 2348 ने रैंक हासिल की हैं।

वहीं, जेईई मेंस की प्रस्तुति के आधार पर छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में दाखिला लेना आसान हो गया है।

### 9 वीं कक्षा से शुरू की तैयारी

सेक्टर-78 एसोटेक सोसायटी निवासी भव्य तिवारी की132 वीं रैंक आई है।

उन्होंने 9 वीं कक्षा से ही जेईई की तैयारी शुरू कर दी थी। उनके पिता अशोक तिवारी व्यवसायी और मां विमला तिवारी गृहिणी है। जेईई में बेहतर प्रदर्शन के लिए भव्य तिवारी ने नियमित रूप से टेस्ट दिए ताकि कमियों को दूर किया जा सके।

### आईआईटी बॉम्बे से करना चाहते हैं कंप्यूटर साइंस

सेक्टर- 119 में निवासी अर्जुन अविनाश की 286वीं रैंक आई है। वह आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस से बीटेक करना चाहते हैं।

एलकॉन पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले अर्जुन ने इस बार 12वीं की परीक्षा दी है। 10 वीं में उनके 97.84 प्रतिशत अंक आए थे।

अर्जुन ने बताया कि वह रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई करते हैं। ज्यादा से ज्यादा सवाल हल करते हैं।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर बुजुर्ग से 87 लाख ठगे

नोएडा। साइबर जालसाजों ने शेयर बाजार में निवेश करने के नाम पर सेक्टर-45 स्थित एक सोसाइटी निवासी बुजुर्ग सुधाकर महापात्रा से 87 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

शिकायत में बुजुर्ग ने बताया कि कुछ समय पहले उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ दिया गया। इसमें घर बैठे डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग करके लाखों रुपये कमाने की बात कही गई थी। ग्रुप में पहले से 150 से अधिक लोग जुड़े हुए थे। ग्रुप में प्रतिदिन शेयर बाजार और आईपीओ संबंधित जानकारी दी जाती थी। बीस दिन के बाद कई नंबरों से उनसे संपर्क किया गया। इसके बाद आरोपियों ने ऑनलाइन पेज की रेटिंग और रिव्यू का टास्क दिया, जिसे उन्होंने पूरा किया। इससे कुछ फायदा हुआ। इसके बाद जालसाजों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए टास्क दिया। इस दौरान उन्होंने कई कंपनियों के शेयर बाजार में निवेश किया।

इसके साथ ही आरोपियों के कहने पर अमेरिका स्थित कई कंपनियों के आईपीओ में भी निवेश कर दिया। जालसाज ऑनलाइन लेक्चर में कंपनी और शेयर बाजार से जुड़ी जानकारी देते थे। ग्रुप में आरोपियों ने इन कंपनियों में निवेश करने पर ज्यादा मुनाफा होने की बात कही। इस वजह से वह लगातार रुपये लगाते गए और 87.50 लाख निवेश कर दिया।

### गृह क्लेश के चलते व्यक्ति ने फंदा लगाया

लोनी। बॉर्डर थाना क्षेत्र की इंद्रापुरी कॉलोनी में गृह क्लेश के चलते एक व्यक्ति ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इंद्रपुरी शनि मंदिर मार्ग बी 12 स्थित में सुशील (40) परिवार के साथ रहते थे। किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह सुशील का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सुशील का शव देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। तभी आसपास के लोग घर पहुंचे। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले में तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी। मौत के सही कारण का पता किया जा रहा है। शुरुआती जांच में गृह क्लेश के चलते मौत होना आया है।

# 'आप' ने दिल्लीवालों से की 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को दिल्ली की जनता से जेल का जवाब वोट से देने की अपील की। भारद्वाज और नयी दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ मेट्रो स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों में पंपलेट बांटा और उनसे आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में अपने वोट का इस्तेमाल देश से तानाशाही सरकार को हटाने के लिए करने की अपील की। भारद्वाज ने कहा कि अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने से दिल्ली की जनता बहुत दुखी है। लोगों ने तय



किया है कि वे अपनी वोट की ताकत से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को इसका जवाब देंगे।

उन्होंने कहा, एक महीने बाद दिल्ली के अंदर लोकसभा का चुनाव है। दिल्ली के लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए 'आप' अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल कर रही है। आज हम लोग नयी दिल्ली लोकसभा सीट से के प्रत्याशी के साथ मेट्रो स्टेशनों पर पंपलेट बांट रहे हैं और लोगों से जेल का जवाब वोट से देने की अपील कर रहे हैं।

'आप' नेता ने कहा, आज दिल्ली के लोग इस बात से बहुत दुखी है कि उनके सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया है। दिल्ली के लोग इसका जवाब भाजपा और केंद्र सरकार को देना चाहते हैं। 'आप' और दिल्ली की जनता ने यह तय किया है कि हम लोग जेल का जवाब वोट से देंगे। हम अपने वोट की ताकत से भाजपा को बताएंगे कि जो उन्होंने जो किया वह गलत किया है।

# वोट दें और करें नमो भारत ट्रेन का प्रीमियम सफर

## वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए एनसीआरटीसी की पहल, सामान्य टिकट पर ही प्रीमियम कोच में एंट्री

गाजियाबाद। संसदीय चुनाव 2024 में मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद क्षेत्र के मतदाताओं के लिए एक अभियान शुरू किया है। इस जागरूकता अभियान में मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

गाजियाबाद में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। मतदान करने वाले यात्री स्टैंडर्ड टिकट मे भी प्रीमियम कोच में यात्रा कर पाएंगे।

यह नागरिकों को चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए संलग्न करने और सशक्त बनाने के लिए भारत के चुनाव आयोग की विभिन्न पहलों के अनुरूप है। इस अभियान के तहत जो यात्री अपना वोट डालेंगे, वो ही इस खास



ऑफर का लाभ उठाने के लिए योग्य होंगे। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को स्टेशन के प्लेटफॉर्म लेवल पर बने प्रीमियम लाउंज के एएफसी गेट पर मौजूद स्टाफ को अपनी मतदान इंक लगी हुई अंगुली दिखानी होगी। इसके बाद स्टाफ उन्हें प्रीमियम लाउंज में प्रवेश करवा देगा और इसके बाद यात्री सीधे नमो भारत ट्रेन के प्रीमियम कोच में सफर कर सकेंगे।

### आरआरटीएस कनेक्ट ऐप से स्टैंडर्ड कोच की टिकट खरीदनी होगी

इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आरआरटीएस कनेक्ट ऐप से स्टैंडर्ड कोच की टिकट खरीदनी होगी, इसके आधार पर ही वे प्रीमियम कोच में यात्रा के पत्र होंगे। नमो भारत ट्रेन में छह कोच हैं, जिनमें एक कोच प्रीमियम कोच है जबकि अन्य पांच कोच स्टैंडर्ड कोच हैं।

### चुनाव का पर्व, देश का गर्व

आम चुनाव 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ईसीआई के चुनाव का पर्व, देश का गर्व अभियान के अनुरूप, यह पहल चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने के महत्व पर प्रकाश डालकर यात्रियों के बीच सामुदायिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का प्रयास है। एनसीआरटीसी यात्रियों को नमो भारत ट्रेन में प्रीमियम कोच की बढ़ी हुई आराम और सुविधा का आनंद लेने का मौका दे रहा है।

# रेस्तरां के उद्घाटन पर हुए झगड़े के बाद चला दी गोली

नई दिल्ली। न्यू अशोक नगर के दल्लूपुरा गांव में रेस्तरां के उद्घाटन में हुए झगड़े का बदला लेने के लिए तीन लड़कों ने गांव के युवक पर गोली चला दी। गनीमत यह रही कि गोली विपिन कुमार (26) को नहीं लगी। वह जान बचाकर किसी तरह घर पहुंचा। पुलिस को घटनास्थल से एक खोखा बरामद हुआ। पुलिस ने विपिन का बयान लेकर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक्र, दूध कारोबारी विपिन कुमार परिवार के साथ दल्लूपुरा गांव में रहता है। विपिन ने बताया कि पड़ोसी सुनील ने गांव के पास ही एक रेस्तरां खोला है। 22 अप्रैल को इसका उद्घाटन था। यहां विपिन के अलावा गांव के कुछ लड़के भी मौजूद थे। विपिन ने पड़ोसी जॉनी, राहुल और जसबीर के साथ मिलकर रात करीब 11 बजे खाना खाया। इस बीच विपिन की राहुल से किसी बात पर कहासुनी हो गई। राहुल बदसलूकी करने के अलावा जान से मारने की धमकी देने लगा। इस दौरान सुनील वहां पहुंचा और बीचबचाव करा दिया। बाद में सुनील विपिन को स्कूटी पर घर के नजदीक देवता मंदिर तक छोड़ आया। विपिन पीपल चौक की ओर पैदल जाने लगा। देर रात को उसे जॉनी, राहुल और जसबीर मिल गए। तीनों फिर झगड़ा करने लगे। इस बीच राहुल व जसबीर ने विपिन को पकड़ लिया और जॉनी ने दूर से विपिन पर गोली चला दी। इसके बाद नजदीक आकर दोबारा गोली चलाई, लेकिन किसी तरह झुककर विपिन ने जान बचाई।

# हनी ट्रैप में फंसे एचआर मैनेजर ने दी जान

**एजेंसी**

नोएडा। हनी ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल किए जाने से परेशान एचआर मैनेजर ने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मूलरूप से प्रयागराज निवासी अभिषेक राज गुप्ता बरौला में किराये के मकान में रहते थे। मंगलवार रात को हुई घटना के बाद पिता फूलचंद गुप्ता ने कोतवाली सेक्टर-49 में आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने उस मोबाइल नंबर की जांच शुरू कर दी है जिससे एचआर मैनेजर के पास ब्लैकमेल करने के लिए फोन आ रहे थे। पुलिस को दी शिकायत में प्रयागराज के पुष्पांजलि नगर निवासी फूलचंद गुप्ता ने कहा है कि बेटा अभिषेक राज गुप्ता निजी कंपनी में एचआर मैनेजर था। आरोप है कि साइबर जालसाजों ने बेटे को फंसाकर अश्लील वीडियो बना लिया था। आरोपी अभिषेक के फोन पर कॉल कर और ई-मेल व मैसेज कर ब्लैकमेल कर रहे थे। आरोपी रिश्तेदारों को वीडियो को भेजने और सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपये मांग रहे थे। आत्महत्या करने से पहले अभिषेक ने परिजनों को इसकी जानकरी दी थी। इस पर पिता ने पुलिस में शिकायत करने की का सुझाव दिया था। हालांकि साइबर अपराधियों के जाल में फंसे अभिषेक ने मानसिक तनाव के चलते 23 अप्रैल को आत्महत्या कर ली है। पुलिस उनके मोबाइल डाटा की जांच कर रही है।

### दो महीने पहले हुई थी शादी

अभिषेक राज ढाई वर्ष से बरौला में किराये पर रह रहे थे। इसी फरवरी में उनकी शादी हुई थी। पिछले कुछ दिनों से वह अकेले थे। पत्नी घर गई हुई थीं। पुलिस की टीम अब साइबर जालसाजों के बारे में पता लगा रही है।

### कूड़े ढेर में लगी आग

साहिबाबाद। पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल के बाद अब साहिबाबाद सब्जी मंडी के कूड़े के ढेर में बुधवार सुबह आग लग गई। सुबह करीब 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कूड़े में आग लगी रही। करीब चार घंटे तक लगी आग से पूरे मंडी में धुआं-धुआं हो गया। मंडी में बैठे दुकानदार और खरीदारी करने पहुंचे लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया। धुएं की वजह से मंडी परिसर से बहुत से उम्रदराज आढ़ती दुकान बंद कर घर लौट गए। साहिबाबाद मंडी में रोजाना करीब 70 टन कूड़ा निकलता है। इस कूड़े का निस्तारण करने के लिए मंडी परिषद की ओर से एक फर्म को ठेका दिया हुआ है। वहीं, फर्म की ओर से मंडी का कूड़ा बाहर निस्तारित करने की बजाय मंडी परिसर में ही खाली प्लॉट पर इकट्ठा कर दिया जाता है। जब कूड़ा अधिक हो जाता है तो यहां आग लगा दी जाती है। बुधवार की सुबह भी कूड़े में आग लगा दी गई, जिससे पूरे मंडी परिसर में धुआं फैल गया। आढ़ती नूर ने बताया कि पुआल, फलों के कार्टून से निकले कागज के टुकड़ों को मंडी से बाहर न भेजकर परिसर में जमा कर दिया जाता है।

# पैसे नहीं लौटाने पर 8वीं मंजिल से फेंककर हत्या

## पुलिस ने हत्यारोपी अहमद सलमान उर्फ राजा (29) और धर्मेश मलिक (33) को गिरफ्तार किया है

नई दिल्ली। उधार के पैसे नहीं लौटाने पर अपहरण के बाद एक युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक का अपहरण कर आरोपी लोधी कॉलोनी में एक इमारत की 8वीं मंजिल पर युवक को ले गए और पिटाई करने के बाद नीचे फेंक दिया। इस संबंध में पुलिस ने हत्यारोपी अहमद सलमान उर्फ राजा (29) और धर्मेश मलिक (33) को गिरफ्तार किया है।

अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया के अनुसार, इंस्पेक्टर सुनील कालखंडेय की टीम में तैनात एसआई सुभाष को लोधी कॉलोनी में औरंगाबाद, बिहार निवासी चंदन (30) की हत्या के आरोपियों के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद एसीपी/सेंट्रल रेंज, अपराध पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर गौरव चौधरी और इंस्पेक्टर सुनील कालखंडेय, एसआई सुभाष, एसआई यशपाल सिंह व एएसआई मुनव्वर खान की टीम ने साया गोल्ड सोसाइटी इंदिरापुरम, गाजियाबाद के पास 24 व 25 अप्रैल की रात दोनों आरोपियों को




दबोच लिया। धर्मेश ने पूछताछ में बताया कि चंदन फर्जी बैंक खाते खुलवाता था। बैंक खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन धोखाधड़ी और सट्टेबाजी में किया जाता था। चंदन ने अहमद के माध्यम से धर्मेश से ब्याज पर पैसे लिए थे। धर्मेश ने चंदन को ऊंचे ब्याज पर 8 से 9 लाख रुपये दिए थे, लेकिन वह पैसे नहीं लौटा रहा था। इस कारण धर्मेश और उसके साथी दबाव बना रहे थे।

### ऐसे दी वारदात अंजाम

पुलिस के अनुसार, 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे धर्मेश की स्कॉर्पियो कार में चंदन को सराय काले खां से अगवा किया गया। आरोपी उसे एनडीएमसी बिल्डिंग लोधी कॉलोनी में एक इमारत की 8वीं मंजिल पर ले गए और पैसे मांगे। चंदन पैसों का इंतजाम नहीं कर सका। इस पर आरोपियों ने उसे पीटा और नीचे फेंक दिया। चंदन की मौके पर ही मौत हो गई।

### अहमद पहले भी गिरफ्तार हो चुका है

आजादपुर निवासी अहमद पहली बार वर्ष 2022 में हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार हुआ था।

पूर्वी दिल्ली में भी इसके खिलाफ दो केस दर्ज हैं। आरोपी धर्मेश सनलाइट कॉलोनी में रहता है। उसके खिलाफ सनलाइट कॉलोनी थोन में दो मामले दर्ज हैं।

# संपादकीय

## रिसाइकिलिंग को लेकर जागरूकता

दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थित कचरे के पहाड़ पर लगी आग फिलहाल बुझा दी गयी है। लेकिन अभी भी 40-50 छोटी-मोटी जगहों पर आग की लपटें बची हुई हैं। इसके धुएं से आसपास के हसनपुर, गाजीपुर, खोड़ा, चिल्ला गांव और मयूर विहार जैसे इलाकों में रहने वाले लोग आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। वहीं इस कचरे की दुर्गंध तो बरसों से उनकी नियति बन चुकी है। जो लोग दिल के मरीज हैं, परेशानी के चलते घर छोड़कर रिश्तेदारों के यहां चले गये हैं।

आजकल चुनावी माहौल में राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की मार सह रही है वहीं कूड़े के पहाड़ का मसला चर्चा का विषय बना हुआ है। अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और एफएसएल की टीमें जांच कार्य में जुटी हैं। वहीं लैंडफिल साइट के प्रबंधन को लेकर दिल्ली नगर निगम की नीति पर लोगों ने सवाल जरूर खड़े किये हैं। उनका कहना है कि कचरे के पहाड़ पर आग हर महीने लगती रहती है लेकिन इसको नियंत्रित करने के कोई भी पुख्ता कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। हालांकि बीस सालों से कूड़े का पहाड़ खत्म करने के दावे किये जा रहे हैं लेकिन मसला जस का तस है। खमियाजा यहां रहने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है। इसका खातमा न हो पाने के पीछे कचरे का धीमी गति से उठान है।

कूड़े के पहाड़ के मामले में अभी तक दिल्ली और मुंबई महानगर सबसे ज्यादा चर्चित थे लेकिन अब गुरुग्राम ने भी इस सूची में नाम दर्ज करा लिया है। यहां बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर रोजाना फरीदाबाद और गुरुग्राम का 2300 टन कचरा पहुंच रहा है जहां तकरीबन 16 लाख टन कूड़ा पड़ा है। बीते 24 दिनों में यहां 13 बार आग लगने की घटनाएं हुईं। गत 23 अप्रैल की सुबह जो आग लगी उसके कई किलोमीटर तक फैले धुएं के चलते लोग आंखों में जलन से परेशान थे। लैंडफिल साइट के आसपास लोगों का रहना मुश्किल होता जा रहा है। यहां रहने वाले लोग बरसों से दिल, सांस, गले में खराश, दिमाग में सूजन आदि रोगों से परेशान हैं। खासतौर पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, हृदय और सांस के रोगियों के लिए यह स्थिति जानलेवा है। कचरे के पहाड़ पर लगी आग से वातावरण में घुल रहे धुएं पर उपराज्यपाल, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और सुप्रीम कोर्ट तक ने संज्ञान लिया। निगमायुक्त, प्रमुख सचिव व दिल्ली सरकार से जबाव मांगा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बाबत अपनी टिप्पणी में कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि राजधानी में प्रतिदिन निकलने वाले 11,000 टन ठोस कचरे में से 3,000 टन का कानून के तहत उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। खंडपीठ ने इसे स्तब्ध करने वाली बात कहा है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 को लागू हुए आठ साल हो गये हैं लेकिन दिल्ली में इसका कोई पालन नहीं हो रहा है।

यदि पूरे देश के हालात का जायजा लें तो देश में हर साल 277 अरब किलो कचरा निकलता है। इसमें से केवल 70 फीसदी ही इकट्ठा किया जाता है। बाकी जमीन और पानी में फैला रहता है। इकट्ठा किये कचरे में से आधा या तो खुले में फेंक दिया जाता है या उसे जमीन में दबा दिया जाता है। देश में निकलने वाला कचरा इंडस्ट्रियल और म्युनिसिपल दो तरह का होता है। इंडस्ट्रियल कचरे के निपटान की जिम्मेदारी उद्योगों और म्युनिसिपल कचरे के निपटान की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है। देश में कुल कचरे में से सिर्फ 5वें हिस्से की रिसाइकिलिंग हो पाती है। जिस तरह कचरे की रिसाइकिलिंग होती है उससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

## विभिन्न क्षेत्रों में महंगाई बढ़ने की आशंका

हमारे कृषि क्षेत्र का बड़ा हिस्सा आज भी मानसून पर निर्भर है। बहुत सारे इलाकों में सिंचाई के संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। जिस वर्ष उन इलाकों में बारिश कम होती है या नहीं होती, उस वर्ष वहां उत्पादन खासा नीचे चला जाता है।

जलवायु परिवर्तन का असर अब दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर नजर आने लगा है।

खासकर कृषि क्षेत्र इससे बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम का मिजाज बदलने से फसलें चौपट हो रही हैं, जिसका सीधा असर खाद्यान्न की कीमतों पर पड़ रहा है। अब भारतीय रिजर्व बैंक ने भी माना है कि प्रतिकूल मौसम की वजह से महंगाई बढ़ सकती है।

यह निस्संदेह रिजर्व बैंक के लिए भी बड़ी चिंता का विषय है। वह महंगाई को चार फीसद के नीचे रखना चाहता है। इसलिए मार्च में जब खुदरा महंगाई 4.9 फीसद दर्ज हुई तो कुछ उत्साह देखा गया था। तब रिजर्व बैंक ने दावा किया था कि वह जल्दी ही महंगाई पर काबू पा लेगा। मगर अब मौसम का रुख देखते हुए उसे लगने लगा है कि यह काम आसान नहीं होगा।

अभी जब गेहूं की फसल कट कर खलिहान में पहुंची है, तो देश के अनेक इलाकों में मूसलाधार बारिश ने उसे भिगो दिया। बहुत सारा अनाज गोदाम में पहुंचने से पहले ही भीग गया।

इस तरह बहुत सारा अनाज सड़ कर बर्बाद हो जाएगा। यह अब जैसे हर वर्ष का सिलसिला हो गया है। बेमौसम बारिश हजारों टन अनाज बर्बाद कर डालती है।

खुदरा महंगाई में सबसे अधिक चिंता खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों को लेकर है। रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले अनाज और सब्जियों की कीमतें सामान्य आयवर्ग की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। इसकी एक वजह ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी भी है, जिससे ढुलाई पर खर्च बढ़ गया है। अभी जिस तरह की वैश्विक स्थितियां हैं उसमें आपूर्ति शृंखला गड़बड़ होने से कच्चे तेल की कीमतें अनिश्चित बनी हुई हैं।

इससे भी रिजर्व बैंक की महंगाई को लेकर चिंता बनी हुई है। पहले रूस-यूक्रेन संघर्ष के चलते दुनिया भर में मुश्किलें पैदा हुई थीं, अब इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष में ईरान के कूद पड़ने और उस पर अमेरिका की सख्त व्यापारिक पाबंदियों से संकट और गहरा हो गया है। भारत चूंकि कच्चे तेल के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है, ऐसी स्थिति में उसे तेल की कीमतें नीचे ला पाना कठिन होगा।

मगर मौसम की मार से पार पाने का कोई रास्ता किसी के पास नजर नहीं आता। सर्दी, गर्मी, बरसात की अवधि असंतुलित हो गई है। एक ही वक्त में कहीं तेज बारिश और बाढ़ की वजह से फसलें चौपट हो जाती हैं, तो कहीं सूखे की वजह से। सर्दी की अवधि सिकुड़ने के चलते खासकर गेहूं की फसल पर बुरा असर पड़ रहा है। गर्मी का मौसम जल्दी शुरू हो जाने से गेहूं का उत्पादन कम हो रहा है।

हमारे कृषि क्षेत्र का बड़ा हिस्सा आज भी मानसून पर निर्भर है। बहुत सारे इलाकों में सिंचाई के संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। जिस वर्ष उन इलाकों में बारिश कम होती है या नहीं होती, उस वर्ष वहां उत्पादन खासा नीचे चला जाता है। अभी तक का आकलन है कि मौसम का मिजाज गड़बड़ होने से सकल घरेलू उत्पाद में करीब डेढ़ फीसद तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जैसी कि जलवायु परिवर्तन की वजह से विभिन्न क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ने की आशंकाएं जताई जा रही हैं, कृषि क्षेत्र उनमें सबसे अधिक प्रभावित होगा। ऐसे में महंगाई पर काबू पाना रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बेरोजगारी बढ़ने और प्रतिव्यक्ति आय कम होने से महंगाई की मार ज्यादा गहरी पड़ रही है। इससे निपटने के लिए रिजर्व बैंक को वैकल्पिक व्यवस्था बनानी पड़ेगी।

# विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस



- ललित गर्ग -



लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं।

अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।' कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए।' निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सतत् रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती।

भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये।

सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे।

सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है। ऐसी योजना यूपीए सरकार में तय भी हुई थी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक और उसमें भी सबसे अधिक मुस्लिमों का है, उस प्रकार से कांग्रेस की यह मुसलमानों को लुभाने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने की अघोषित चुनावी घोषणा है, इस तरह की घोषणाएं लोकतंत्र में सुशासन एवं राजनीति मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा ही कही जायेगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता बादशाह नहीं होता बल्कि साधारण मतदाता बादशाह होता है क्योंकि उसके ही एक वोट से सरकारें बनती और बिगड़ती हैं। मतदाता को जो मूर्ख समझते हैं उनसे बड़ा मूर्ख दूसरा नहीं होता। ऐसे तथाकथित बयानों से भारत में संसदीय प्रणाली का लोकतंत्र कभी भी प्रभावित नहीं होगा, वह सफल रहा है और रहेगा क्योंकि भारत के लोग अनपढ़ व गरीब हो सकते हैं मगर वे अज्ञानी या मूर्ख नहीं है। उनका व्यावहारिक ज्ञान बहुत मजबूत होता है और वे राजनीतिक दलों के भ्रम में नहीं आने वाले, गुमराह नहीं होने वाले।

यह सच है कि जब से भारत में जातिवादी, क्षेत्रवादी, भाषावादी, वर्गवादी व सम्प्रदायवादी राजनीति का बोलबाला हुआ है तभी से राजनीति के विमर्श में गिरावट आनी शुरू हुई है, लेकिन इस गिरावट को संभालने के लिये मतदाता को अधिक परिवक्व एवं समझदार होने की अपेक्षा है।

# देश को संदेश देने में नाकाम रही विपक्ष की रांची रैली

सात चरणों में पूरे होने वाले लोकसभा चुनाव का पहला चरण पूरा हो गया। मतदाताओं ने प्रत्याशियों निर्णय इवीएम को सौंप दिया। दूसर चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। इतना सब होने पर भी विपक्षी 28 दलों का गठबंधन अब तक न कोई अपना कॉमन प्रोग्राम प्रस्तुत कर सका।

विपक्षी दलों की झारखंड की राजधानी रांची में हुई महारैली देश को कोई स्पष्ट संदेश नहीं दे सकी। हांलाकि इससे बड़ी उम्मीद थी। उम्मीद थीं कि राजनैतिक दल अपने चुनाव घोषणा पत्र अब तक प्रस्तुत कर चुके हैं। इस रैली में वे कॉँमन मिनीमम कार्यक्रम जारी कर सकतें हैं किंतु ऐसा कुछ नही हुआ। हर बार की तरह सिर्फ भाषण तक ही सीमित रही रैली।

झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन %इंडिया% ने %उलगुलान न्याय महारैली% का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गईं। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे

रैली के दौरान भीड़ ने जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे और झारखंड झुकेगा नहीं जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी के बीच सभी रैली के समर्थन जुटे रहे। उलगुलान शब्द, जिसका अर्थ क्रांति है। इसे आदिवासियों के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बिरसा मुंडा की लड़ाई के दौरान गढ़ा गया था।

हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसी केंद्रीय एजेंसी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और आप सुप्रीमो के लिए कुर्सियां खाली रखी गई थीं, लेकिन उनकी पत्नियां कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल का भाषण मुख्यत: अपने पतियों की गिरफ्तारी के विरोध में था। दोनों का दावा था कि उनके पतियों को केंद्र की मोदी सरकार ने गलत ढंग से गिरफ्तार कराया हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबा देना चाहती है। इसके लिए सबको एकजुट होना होगा। रैली में नेताओं का यह भी आरोप था कि केंद्र में भाजपा फिर लौटी तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। रैली में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार झूठ बोलने, गारंटी के नाम पर लोगों को ठगने, लोकतंत्र को कमज़ोर करने और जुमलों के सहारे राजनीति करने के आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि देश में बेरोज़गारी चरम पर है और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा हवा में घूम रहा है।




# भारत के बाद अमेरिका ने भी चीन को जोरदार झटका दिया!



अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगना लगभग तय है-अमेरिकी सीनेट ने ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दी

भारत अमेरिका सहित अनेक देश राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए,यूजर डाटा तक चीन की पहुंच को रोकने,टिकटॉक पर बैन उचित कदम-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर देश में अभूतपूर्व तेजी से बढ़ते हुए डिजिटाइजेशन व बढ़ती प्रौद्योगिकी से दुनियां तो मुट्ठी में आ रही है,परंतु साथ ही अनेक देशों में उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता को भी बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मानवीय मस्तिष्क अब तकनीकी के सहारे किसी एप्स के सहारे घर बैठे बैठे ऐसी तकनीकी पावर का सहारा लेकर दुनियां के हर उस व्यक्ति की पर्सनल डाटा जानकारी प्राप्त कर लेता है जो उसकी एप्स उपयोग करने के दायरे में आता है,स्वाभाविक है कि कई ऐसी जानकारीयां होती है जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण होती है परंतु दुश्मन या खारखाए बैठा देश सुरक्षा क्षेत्र से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारीयां उस एप के सहारे आसानी से हासिल कर सकता है, इसलिए ही भारत ने 2020 में 59 एप्स पर बैन लगाया था जिसमें टिकटॉक भी शामिल था उसे समय अमेरिका ने भी भारत की तारीफ की थी, जबकि अबवही बात घूम फिरकर अमेरिका पर आ गई है, जो 2020 से ही इस विषय पर कार्य कर रहा था और अमेरिकी सीनेट ने विधेयक पारित कर दियाथा जो 6 माह के अंदर टिकटॉक को उसके चीनी मालिक द्वारा बेचना पड़ेगा लेकिन अब दिनांक 23 अप्रैल 2024 को अमेरिकी सीनेट ने एक ऐतिहासिक विधेयक पारित किया है जिसमें 6 माह से बढ़कर 9 माह कर दिया गया है। अब शीघ्र रही टिकटॉक पर बैन लगने की संभावना है। यानें कंपनी को टिकटॉकका स्वामित्व हस्तांतरित करना ही होगा। उधर चीन ने इस विधेयक को कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान आया है कि विधेयक उसके हाथ में आते ही वह हस्ताक्षर कर देंगे और वह कानून बन जाएगा। चूंकि भारत के बाद अब अमेरिका ने भी चीन को जोरदार झटका दिया है और टिकटॉक पर बैन लगना लगभग तय हो गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत अमेरिका सहित अनेक देश राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यूजर डाटा तक चीन की पहुंच को रोकने टिकटॉक पर बैन लगाना उचित कदम है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी सीनेट द्वारा 23 अप्रैल 2024 को एक विधेयक पारित करने की करें तो,अमेरिकी संसद के सीनेट में मंगलवार को एक विधेयक पारित किया गया जो प्रतिबंध लगाने की धमकी के साथ टिकटॉक की बिक्री के लिए इसका स्वामित्व रखने वाली चीनी कंपनी को मजबूर कर देगा। इस विधेयक को हस्ताक्षर के लिए अब राष्ट्रपति जो बाइडन के पास भेजा गया है। टिकटॉक से जुड़े विधेयक को 95 अरब अमेरिकी डॉलर के उस बड़े पैकेज के हिस्से के रूप में शामिल किया गया था जो यूक्रेन और इजराइल को विदेशी सहायता प्रदान करता है और इसे 79-18 के अंतर से पारित किया गया। सांसदों द्वारा पिछले सप्ताह टिकटॉक विधेयक को उच्च प्राथमिकता वाले पैकेज में संलग्न करने का निर्णय लिया गया जिससे कांग्रेस में इसे तेजी से पारित कराने में मदद मिली। इस विधेयक को सीनेट से बातचीत के बाद लाया गया जहां इसके पूर्व संस्करण को बाधित कर दिया गया था। पुराने संस्करण में टिकटॉक की मूल कंपनी बाइटडांस को इस मंच में अपनी हिस्सेदारी को बेचने के लिए छह महीने का समय दिया गया था। लेकिन इसको लेकर कुछ प्रमुख सांसदों ने संदेह जताया था कि एक जटिल सौदे के लिहाज से छह महीने का समय बहुत कम है। इस सौदे का मूल्य अरबों डॉलर हो सकता है।इस विधेयक के पारित होने के तुरंत बाद एक बयान जारी करके बाइडन ने कहा कि वह इस पर बुधवार को हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिकी सांसदों के इस विवादास्पद कदम को जहां कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, वहीं इससे सामग्री का सृजन करने (कंटेंट क्रिएटर) वाले उन लोगों के परेशानियां पैदा होने की आशंका है जो आमदनी के लिए इस शॉर्ट-फॉर्म वीडियो ऐप पर निर्भर हैं।डील के लिए 9 महीने का टाइमलाइन दिया जाएगा। डील आगे बढ़ती है तो 90 दिन का एक्स्ट्रा समय दिया जाएगा। वहीं,अगर बाइट डांस इस टाइमफ्रेम में टिकटॉक को यूएस खरीदार को नहीं बेच पाती है तो टिकटॉक का इस्तेमाल अमेरिका में पूरी तरह से बंद हो जाएगा।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा टिकटॉक पर बैन के कारणों की करें तो, अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी लंबे समय से टिक-टॉक को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानती रही है। अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी का दावा है कि बाइटडांस टिकटॉक के अमेरिकी यूजर्स का डाटा चीन के साथ साझा करती है, जिससे उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को बड़ा खतरा है, लेकिन बाइटडांस हमेशा से इन आरोपों गलत बताती रही है।बीते दिन पारित किए गए विधेयक में भी टिक-टॉक को चीन के साथ संबंधों के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। दरअसल, इस विधायी कार्रवाई के पीछे की वजह टिकटॉक के चीनी स्वामित्व और बीजिंग में सत्तावादी सरकार की अमेरिकी यूजर डेटा तक पहुंच है।अमेरिका में राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यूजर डेटा तक चीन की पहुंच को रोकने के लिए सरकार यह कदम उठा रही है। वहीं, दूसरी ओर टिकटॉक का कहना है कि कंपनी ने कभी भी चीनी अधिकारियों के साथ अमेरिका के यूजर्स का डेटा शेयर नहीं किया है। अब यह विधेयक अमेरिकी राष्ट्रपति को सौंपा गया है, जिन्होंने कहा है कि जैसे ही यह उनके पास पहुंचेगा, वे इस पर हस्ताक्षर करके इसे कानून बना देंगेअगर अमेरिकाबाइटडांस को टिक-टॉक बेचने के लिए मजबूर करने में सफल हो जाता है, तो भी किसी भी सौदे के लिए चीनी अधिकारियों की मंजूरी की आवश्यकता होगी विश्लेषकों का कहना है कि इस प्रक्रिया में सालों लग सकते हैं,क्योंकि चीनी अधिकारी जल्दी तैयार नहीं होंगे।

साथियों बात अगर हम मुद्दे पर चीन की प्रतिक्रिया और चीन के विरोध में उतरने की करें तो, टिकटॉक से मंगलवार रात को प्रतिक्रिया मांगी गई, लेकिन उसने तुरंत कोई जवाब नहीं दिया।विधेयक का पारित होना चीनी खतरों और टिकटॉक के स्वामित्व को लेकर वाशिंगटन में लंबे समय से चली आ रही आशंकाओं का नतीजा है। अमेरिका में टिकटॉक का 17.0 करोड़ लोगों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है।अमेरिकी सांसद और प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लंबे समय से चिंता व्यक्त की जा रही है कि चीनी अधिकारी बाइटडांस को अमेरिकी उपयोगकर्ताओं का डेटा सौंपने के लिए मजबूर कर सकते हैं, या टिकटॉक पर कुछ सामग्री को दबाकर या बढ़ावा देकर अमेरिकियों को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि, अमेरिका का राष्ट्रपति बनने की दौड़ में फिर से शामिल डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह संभावित प्रतिबंध का विरोध करते हैं।

# शार्ट न्यूज

## बलिया में युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

**रतसर।** बलिया के नगरा में पारिवारिक कलह से परेशान एक युवक ने विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। स्थानीय थाना क्षेत्र के परसिया रुपपुर निवासी दीनानाथ यादव (24) देर शाम भोजन करने के बाद पत्नी और बच्चों के साथ कमरे में सोने चला गया। आज सुबह उठने के बाद किसी बात को लेकर परिवार के किसी सदस्य से विवाद हो गया। इसके बाद युवक ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इसकी जानकारी होने के बाद घरवाले युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां के डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत होते ही परिजन बिलखने लगे। जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जा में ले लिया। एसओ अतुल कुमार मिश्र का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की जानकारी हो सकेगी। इस घटना की तहकीकात की जा रही है।

## झांसी में जहर खाने से महिला की मौत

झांसी। झांसी में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। वह घर से बिना बताए निकल गई थी। जब परिजन ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे तो वहां पर महिला बेहोश पड़ी थी। उसे मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी आज मौत हो गई। पुलिस पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गई है। मामला चिरगांव थाना क्षेत्र के मुडेई गांव का है। मृतका का नाम भारती (35) पत्नी सुनील राजपूत था। वह मुडेई गांव की रहने वाली थी। मृतका के बेटे रिषीकांत राजपूत ने बताया कि बुधवार को मां भारती बिना बताए घर से निकल गई थी। काफी देर तक वह लौटकर नहीं आई तो तलाश शुरु की। जब तलाश करते हुए खेत पर पहुंचे तो वहां पर मां बेसुध पड़ी हुई थी। उनके पास ही जहर की डिब्बी पड़ी थी। तब उनको चिरगांव अस्पताल ले गए। वहां से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां पर इलाज के दौरान मां की मौत हो गई। मां ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खाकर सुसाइड किया है। भारती का एक बेटा रिषीकांत और एक 15 साल की बेटी काजल है। बेटा की शादी हो चुकी है। पति के साथ भारती खेती-किसानी करती थी।

## बलरामपुर में डीएम कार्यालय के पास लगी आग

बलरामपुर। बलरामपुर में डीएम कार्यालय के पास अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल मच गया। उपस्थित पुलिस वालों के सहयोग से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। आगजनी में विद्युत विभाग के रखे केबल जल गए हैं। इसके साथ ही तीन घरों के पास रखा सामान जलकर राख हो गया। मामला देहात कोतवाली क्षेत्र का है, जहां पर डीएम कार्यालय के समीप गुरुवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसमें आसपास के तीन घर के पास रखे सामान जलकर राख हो गए हैं। वहीं पास में उपस्थित अमित ने बताया कि आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई थी, लेकिन घंटे बीत जाने के बाद भी दमकल विभाग की गाड़ियां नहीं पहुंच पाईं। उपस्थित पुलिस वालों और आसपास के लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। मामले पर जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात ने बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट के समय अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। जिस पर पुलिस व आसपास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है।

## तीन शातिर अपराधियों को किया जिला बदर

चंदौली। चंदौली के पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन शातिर अपराधियों को 6 माह के लिए जिला बदर कर दिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिले में शांति व्यवस्था के साथ ही कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के मद्देनजर किया है। एसपी ने कहा कि जिला बदर किए गए तीनों अपराधी पेशेवर होने के साथ-साथ मनबढ़ हैं, जिन्हें आगामी 6 माह के लिए जिले की सीमा से निष्कासित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को स्थापित रखने और अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत सक्रिय अपराधियों एवं अराजकतत्वों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक चकिया, सैयदराजा और चकरघट्टा द्वारा भारतीय दण्ड संहिता मे वर्णित अपराधों के अन्तर्गत अपराध कारित करने वाले 3 अपराधियों के विरुद कार्रवाई करने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट को प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर अपराधियों जिनसे समाज में भय और आतंक व्याप्त है। उनके ऊपर आगामी 6 माह की अवधि तक के लिए चंदौली की सीमाओं को छोड़कर बाहर जाने का आदेश पारित किया गया है।

## बाइक सवार दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में सिरसागंज क्षेत्र में प्राइवेट बस की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्त घायल हो गए। पुलिस दोनों को ट्रामा सेंटर लेकर आई। डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस से सूचना पर दोनों के परिवार में चीख पुकार मच गई। दोनों के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव नगला ब्राह्मण निवासी 26 वर्षीय चंद्रप्रकाश उर्फ रिंकू इटावा निवासी अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होकर सिरसागंज लौटा था। उसी के गांव का निवासी उसका दोस्त 19 वर्षीय लवकुश राजौरिया उर्फ हंसमुख उसे बाइक से लेने गया था। दोनों घर लौट रहे थे। इस बीच गांव उखरेंड के पास लखनऊ की तरफ से आ रही प्राइवेट बस ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक बस को भगा ले गया। राहगीरों से घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को अस्पताल लेकर आई। तीन भाइयों में सबसे बड़ा रिंकू तीन बच्चों का पिता था। वह मजदूरी करता था। वहीं हंसमुख तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह ऑटो चलाता था। दोनों के बीच कई वर्ष से दोस्ती थी।

## हाथरस में युवती ने किया सुसाइड

हाथरस। हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के नगला अलगजी में एक युवती ने सुसाइड कर लिया। परिवार के लोग उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवती के माता-पिता दोनों नेत्रहीन हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के नगला अलगजी की निवासी रामनरेश की 19 वर्षीय बेटी अर्चना ने देर रात फांसी लगाकर जान दे दी। रामनरेश और उनकी पत्नी मुकेशदेवी दोनों नेत्रहीन हैं। रामनरेश मथुरा कलेक्ट्रेट में कर्मचारी हैं। मृतका अर्चना उनके घर में बड़ी बेटी थी और उसने इस साल इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। रामनरेश का एक छोटा बेटा भी है और वह इस समय कक्षा सात में पढ़ रहा है। परिवार के लोगों ने जब अर्चना को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा तो उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को लेकर पूछताछ की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हरदोई में गर्भवती महिला ने किया सुसाइड

**हरदोई।** हरदोई में एक गर्भवती महिला का शव साड़ी के फंदे से लटकता मिला है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला का पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहंदीपुर निवासी संजय कुमार की पत्नी नीलम (28) ने अज्ञात कारणों के चलते साड़ी के पल्लू से छत के कुंडे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो गई थी। उपनिरीक्षक रामलाल सोनकर ने फॉरेंसिक टीम के साथ जांच की। महिला की 5 साल पहले शादी हुई थी और उसके डेढ़ साल की एक बेटी है और वह चार-पांच महीने की गर्भवती थी। उसका पति दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करता है। इस मामले में कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# जनता की संपत्ति हड़पने से पहले विपक्ष का मोदी से निपटना पड़ेगा : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के लोग कहते हैं आपकी संपत्ति की जांच होगी, शहजादे कहते हैं उनकी एक्स-रे मशीन है। वह लॉकर में पहुंचेगी।






आगरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और इंडिया समूह पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग जनता की संपत्ति हड़पने की साजिश रच रहे हैं। उनकी योजना है कि विरासत टैक्स लगाकर जनता की आधी संपत्ति पर कब्जा कर लिया जाए। ऐसा कोई भी पाप करने से पहले उनको मोदी से निपटना पड़ेगा।

उन्होंने प्रदेश के सपा-कांग्रेस गठबंधन पर भी हमलावर होते हुए कहा कि यूपी में दो लड़कों की दोस्ती तुष्टिकरण की राजनीति है। भाषण में ओबीसी-ओबीसी करते हैं। बाद में पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीन कर दूसरों को देना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को जिले के दोनों भाजपा प्रत्याशियों एसपी सिंह बघेल और राजकुमार चाहर के समर्थन में कोठी मीना बाजार मैदान पर आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्री भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के लोग कहते हैं आपकी संपत्ति की जांच होगी। शहजादे कहते हैं उनकी एक्स-रे मशीन है। वह लॉकर में पहुंचेगी। क्या माताएं-बहनें अपना मंगलसूत्र किसी को लेने देंगी। वे गला कटवा देंगी मगर, मंगलसूत्र नहीं लेने देंगी। नया प्लान सामने आया है। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।

मतदाता की नब्ज पर हाथ रखते हुए श्री मोदी ने कहा मान लीजिए आपके माता-पिता ने चार कमरे का घर बनाया है। उममें से दो कमरे आपको मिलेंगे। दो कमरे सपा-कांग्रेस की सरकार हड़प लेगी। दस बीघा है तो वह हड़प लगेगी। क्या आप अपनी संपत्ति भ्रष्ट पंजे के हाथ में जाने देंगे। क्या आपको गुस्सा नहीं आ रहा है।

उन्होंने कहा ओबीसी, एससी के हक पर डाका डालने और मां-बहनों के मंगलसूत्र पर नजर डालने से पहले इंडी गठबंधन वालों यह कान खोलकर सुन लो। जब तक मोदी जिंदा है। ऐसा कोई भी पाप नहीं होने देगा। हमारा संकल्प है, जो भ्रष्टाचारी हैं, उनकी जांच होगी। जिन्होंने गरीबों को लूटा है। वह लूट का पैसा गरीबों को वापस मिलेगा।

मोदी ने कहा, संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू कर दिया है। कांग्रेस में ठान लिया है कि धर्म के आधार पर आरक्षण लाकर रहेगी। इसलिए उसने तरीका निकाला है। 27 प्रतिशत ओबीसी का कोटा है, मैं भी उसी समाज से आता हूं। कांग्रेस ने तय किया है कि उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए। चुपचाप छीन लिया जाए। धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए। क्या आपको यह मंजूर है। कर्नाटक में जितनी भी मुस्लिम जातियां हैं, रातों-रात उनको ओबीसी बना दिया गया। ओबीसी के हक पर डाला गया।

उन्होने कहा, हमने तुष्टिकरण की राजनीति बहुत देखी है। तुष्टिकरण की लड़ाई में बांट दिया है। हम तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते, बल्कि संतुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। कांग्रेस के इस बार के घोषणा पत्र पर शत प्रतिशत मुस्लिम लीग का ठप्पा लगा है। कांग्रेस का मेनिफेस्टो वोट बैंक को मजबूत कर रहा है हमारा मेनिफेस्टो देश को मजबूत कर रहा है। उत्तर प्रदेश में भाजपा शासन को प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा योगी के मुख्यमंत्री बनने से पहले विपक्षी गठबंधन का नारा था जो जमीन सरकारी है, वह हमारी है।

# आग लगने से भाभी-ननद जिंदा जली

### सामान बाहर निकालते समय चाचा-भतीजे झुलसे, 24 घरों का गृहस्थी का सामान जलकर राख

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में गुरुवार को घर में आग लगने से भाभी और ननद जिंदा जल गई। घर से सामान बाहर निकालते समय चाचा और भतीजे झुलस गए हैं। साथ ही 12 मवेशी जिंदा जल गए हैं। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चाचा भतीजे को अस्पताल में भर्ती कराया और महिलाओं के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।घटना निघासन तहसील के सिंगहा गांव की है।

गांव में आग लगे की सूचना मिलने पर एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग की कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग 24 घरों को अपने चपेट में ले चुकी थी।

आग लगने से 24 घरों का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया और चारों तरफ चीख पुकार मच गई। आग लगने से करीब 50 लाख का नुकसान बताया जा रहा है।



#### बेटे के साथ कमरे में सो रही महिला

सिंगहा निवासी बीजेपी कार्यकर्ता संतराम ने बताया कि दोपहर 12 बजे उसके घर से आग लग गई। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका। आग लगने से उनकी मां और बुआ जिंदा जल गईं। हादसे के समय वह घर पर नहीं था, एक राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था।

आग लगने से पहले उनकी बुआ संगीता (35) कमरे में अपने बेटे (13) सचिन के साथ सो रही थी। अचानक कमरे के पास बना बंगला जलने लगा। आग की लपटों से वह जाग गई और सचिन को कमरे से बाहर निकाल दिया। वह उसमें फंस गई और जलकर उनकी मौत हो गई।

#### सास ने बहू को बचाया

रामगुनी (50) पत्नी भागीरथ और उनकी बहू पूजा पत्नी साहजराम छप्पर वाले घर में सो रही थी। अचानक आग देखकर वह पूजा को मिट्टी की डेहरी से पीछे की दीवार फांदकर बाहर निकाल दिया और खुद उसमें फंसकर जलकर मर गई। दोनों को बचाने के लिए घर में घुसे बांके (45) पुत्र बाबूराम, सहजराम (30) पुत्र भागीरथ गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत खराब होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों की हालत गंभीर है।

#### 50 लाख का नुकसान

आग में सहजराम की दो बकरी, बांके लाल की चार बकरी, एक गाय और भैंस, राजाराम की चार बकरी जिंदा जलकर मर गई। आग में चारा मशीन, नगदी, अनाज, कपड़ा, बर्तन, ट्रैक्टर समेत 50 लाख का नुकसान हो गया। दमकल विभाग ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। एसडीएम और तहसीलदार ने लोगों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

#### प्रशासन करेगा हर संभव मदद

एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात कारणों से आग लगने से एक दर्जन से ज्यादा घर जल गए। कुछ पशुबाड़े और मवेशी जल हैं। 2 महिलाओं की मौके पर मौत हो गई, 2 लोग गम्भीर रूप से झुलस गए जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन की तरफ से जो भी सम्भव मदद है कि जाएगी।

# बलिया में सड़क हादसा, 4 लोगो की हुई मौत

### सफारी 3 बार पलटते हुए 20 मीटर गहरे गड्ढे में गिरी

चितबड़ागांव, बलिया। बलिया में सफारी पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई। सभी बारात जाने के लिए घर से निकले। रास्ते में गाड़ी रोक कर शराब पी। फिर फेफना जाने लगे। जैसे ही उनकी गाड़ी नेशनल हाईवे-39 पर पहुंची ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया।

गाड़ी पलट गई और हाईवे से करीब 5 मीटर नीचे एक पेड़ से टकराई। इसके बाद 2 बार और पलटते हुए 20 मीटर गहरे गड्ढे में गिर गई। गाड़ी में 5 लोग सवार थे। 3 की मौके पर ही मौत हो गई। एक ने अस्पताल में दम तोड़ा। एक का इलाज चल रहा है। हादसा फेफना थाना क्षेत्र के राजू ढाबा और गोपालधाम मांगलिक भवन के बीच बुधवार रात करीब 10: 30 बजे हुआ।

#### इन लोगों की गई जान

हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने



घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जबकि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। ग्रामीणों ने बताया, चितबड़ागांव के बढ़वलिया निवासी कमलेश यादव और राजू यादव दोस्त थे। गांव की बारात थी तो इन्होंने साथ चलने का प्रोग्राम बनाया।

अपने साथ तीखी गांव के रितेश गोंड और गाजीपुर के सत्येंद्र यादव को भी तैयार किया। गाड़ी सत्येंद्र की थी। चारों दोस्त कंस्ट्रक्शन के कारोबार से जुड़े थे और अच्छी कमाई करते थे। ये लोग अपने घर से शाम करीब 6 बजे निकले।

# अयोध्या में शारदा नहर के पास मिला युवक का शव

अयोध्या। अयोध्या के महराजगंज थाना क्षेत्र के मया टांडा मार्ग पर स्थित शारदा नहर के सहायक नहर में गुरुवार को एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायक से शव को नहर से बाहर निकाला। इसके बाद पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण नहर के पास एकत्र हो गए। थानाध्यक्ष महराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया शारदा सहायक नहर में एक शव पाया गया। मृत युवक लगभग 35 वर्ष का प्रतीत होता है। शव पानी में कहीं से बहकर आया और पुल के पास बने ब्रेकर में फंस गया था। जिसे ग्रामीणों ने देखा, इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दिया। मृत युवक के शरीर पर हाफ लाल कलर की टी शर्ट और जूता मोजा पहने हुए है। अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# प्रतापगढ़ में शादी से लौट रही महिला से गैंगरेप

### पति को डंडों से पीटकर पत्नी को बोलेरो में डालकर ले गए 3 लोग, 4 घंटे बाद 15 किमी दूर फेंका

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में शादी से लौट रही एक महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। बोलेरो सवार तीन आरोपी महिला को जबरन कार में उठा ले गए। गैंगरेप के बाद उसे 15 किलोमीटर दूर फेंक दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पति की लात-घूंसे मारकर पिटाई कर दी। पति रात को ही थाने पहुंचा और पत्नी के साथ हुई वारदात की सूचना दी।

पुलिस ने रात में ही सर्च ऑपरेशन चलाया और सुबह चार बजे वह महिला 15 किमी. दूर मिली। पुलिस



गैंगरेप और लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। महिला को जहां फेंका गया है वहां के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

#### ससुराल में शादी में पत्नी को लेकर गया था पति

मामला प्रतापगढ़ जिले के कंधई थाना क्षेत्र का है। पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि मैं 24 अप्रैल की शाम को अपनी ससुराल में पत्नी के साथ शादी में आया था। यहां हमारे कई रिश्तेदार आए हुए थे। हम लोग रात करीब एक बजे तक कार्यक्रम में रहे। शादी की सारी रस्में पूरी होने के बाद हमने अपनी पत्नी से चलने के लिए कहा तो उसने थोड़ी देर में चलने की बात कहकर बात टाल दी।

मेरा भाई रिश्तेदारों से बातचीत में मशगूल था। रात ज्यादा हो रही थी इसलिए पत्नी पर जोर दिया और घर जाने का दबाव डाला। इस पर मेरी पत्नी सवा बजे मेरे साथ चल दी। भाई से मैंने कहा कि मैं चल रहा हूं तुम भी जल्दी आ जाओ। हम करीब 500 मीटर तक चले और रोड पर एक पुलिया के पास खड़े होकर भाई का इंतजार करने लगे। शादी के कारण मेरी पत्नी गहने आदि पहने हुए थी इसलिए मुझे डर भी लग रहा था।

# अमेठी में सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत

### दोनों मध्य प्रदेश के रीवा के रहने वाले थे, ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से हुआ हादसा

अमेठी जिला। अमेठी में ईंट लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में चालक समेत एक अन्य की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दोनों मध्यप्रदेश के रीवा जिले के रहने वाले थे। घटना मुंशीगंज थान क्षेत्र के मुसाफिरखाना मार्ग पर चन्दौकी गांव



के पास की है। सुल्तानपुर के अलीगंज स्थित एकभट्ठे से ईंट लेकर ट्रैक्टर ट्राली मुसाफिरखाना मार्ग से होते हुए मुंशीगंज की तरफ जा रही थी। रास्ते में गौरीगंज-मुसाफिरखाना मार्ग पर चंदौकी गांव के पास राम उदित डिग्री कालेज के नजदीक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक युधिष्ठिर और श्रमिक मनीष दब गए। हादसे के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

#### ईंट भट्ठे पर काम करते थे

मुंशीगंज एसएचओ एसएन सिंह ने कहा कि दोनों युवक मध्य प्रदेश के रीवा जिले के रहने वाले थे। सुल्तानपुर के एक ईंट भट्ठे पर काम करते थे। भट्ठा मालिक से बात हो गई है। परिजनों को उनके माध्यम से जानकारी दे दी गई है।

# मऊ पुलिस लाइन में लगी आग, तीन वाहन जले

### मुकदमों में सीज 2 बसों-एक ट्रक में लगी आग

मऊ। मऊ रिजर्व पुलिस लाइन में गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे आग लग गई। देखते ही देखते 2 बसें और 1 ट्रक आग की चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मौके पर पहुंचे बस और ट्रक मालिक हंसराज सिंह ने बताया कि उनके भाई सुरेश सिंह पर स्टैंड के ठेके को लेकर गैंगस्टर की कार्रवाई मुख्तार का करीबी बताकर किया गया है। इसके बाद हमारी गाड़ियां सीज की गईं। अब इसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे हमारा काफी नुकसान हो गया है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर परिसर में खड़ी गाड़ियों में अचानक आग लग गई। पुलिस लाइन में मौजूद लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन गर्मी और तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान वहां खड़ी कई बसें और ट्रक आग से जलकर खाक हो गई।



आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे हंसराज सिंह ने बताया कि यह गाड़ियां उनके परिवार की हैं। मेरे भाई सुरेश सिंह के ऊपर स्टैंड को लेकर मुख्तार से जोड़कर गैंगेस्टर लगाया गया था।

इसके बाद हमारे परिवार की सभी गाड़ियां सभी बसें, चार फॉर व्हीलर, सात बाइक और दो ट्रकें सीज कर दी गई थीं।

एक नई गाड़ी हमारी बनकर आई थी और उसे भी सीज किया गया था। सभी गाड़ियां जल गई हैं। हमारा बहुत नुकसान हुआ है। हमारा भट्टा भी सीज कर दिए हैं। हमारा बहुत नुकसान हुआ है।

# हाथरस में ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

### मतदान केंद्र को 4 किलोमीटर दूर स्थानांतरित करने पर गुस्सा, धरना शुरू

हाथरस। हाथरस में सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव बासदत्ता और लालगढ़ी के लोगों ने लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। इन लोगों ने स्कूल के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि उनके गांव के मतदान केंद्र को बदल दिया है और अब उन्हें 4 किलोमीटर दूर मतदान के लिए जाना पड़ेगा। इसलिए वह चुनाव में वोट नहीं डालेंगे।

सादाबाद क्षेत्र के दो गांव बासदत्ता और लालगढ़ी का बूथ पहले यहीं के परिषदीय स्कूल में था, लेकिन अब इन दोनों गांव का मतदान केंद्र यहां से चार किलोमीटर दूर गढ़ी नौकस में कर दिया है। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो उनमें रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने बैनर लगाकर चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया और गांव में परिषदीय स्कूलों के बाहर धरना देकर जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद से अब तक इसी गांव में उनका मतदान केंद्र था, लेकिन इस बार मतदान केंद्र को बदल दिया गया है। इससे उन्हें चुनाव में काफी परेशानी होगी।

यदि अब प्रशासन ने मतदान केंद्र को नहीं बदला और इसी स्थान पर नहीं किया तो वह चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि वह 4 किलोमीटर दूर मतदान करने नहीं जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि वह इस मामले से अधिकारियों को भी अवगत करा चुके हैं, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

## शार्ट न्यूज

### रत्न आभूषण उद्योग को निर्यात में आसानी के कार्यक्रम में शामिल किया गया

नयी दिल्ली। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने गुरुवार को कहा कि देश के रत्न और आभूषण उद्योग को सरकार की ओर से अधिकृत आर्थिक परिचालक (एईओ) का दर्जा मिल गया है। जीजेईपीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इससे रत्न आभूषण निर्यातकों को कारोबार में और आसानी होगी। परिषद ने इस घोषणा को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुये इस पर खुशी जतायी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जीजेईपीसी के व्यापक प्रयासों के बाद और वित्त मंत्रालय के सहयोग से अब रत्न और आभूषण क्षेत्र तक बढ़ाया जा रहा है। सरकार का एईओ कार्यक्रम 2011 में सीमा शुल्क विभाग के परिपत्र संख्या 37/2011 – सीमा शुल्क दिनांक 23 अगस्त के माध्यम से पायलट परियोजना के रूप में पेश किया गया था। यह कार्यक्रम व्यापार करने में आसानी की व्यापक पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात कारोबार के परिचालन को सरल बनाने में सहायक रहा है, जिसके परिणामस्वरूप निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण समय और लागत की बचत होती है। इसके द्वारा प्रदान किये जाने वाले लाभों के बावजूद, रत्न और आभूषण क्षेत्र को शुरू में एईओ कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था।

### इंडसइंड बैंक का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। प्रमुख निजी बैंक इंडसइंड को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 2,349 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ हुआ, जो सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। कंपनी की गुरुवार को जारी तिमाही रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 2,043 करोड़ रुपये था। बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष का वार्षिक शुद्ध लाभ 8,977 करोड़ रुपये था, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 7,443 करोड़ रुपये की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। इन वित्तीय परिणामों में बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी, भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड (बीएफआईएल) के वित्तीय परिणाम भी शामिल है। फाइनेंशियल इंक्लूजन इस बैंक और इंडसइंड मार्केटिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) का काम करती है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 5,376 करोड़ रुपये रही, जो साल-दर-साल 15 प्रतिशत और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर दो प्रतिशत ऊंची है। इकतीस मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिये शुद्ध ब्याज आय बढ़कर 20,616 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष के 17,592 करोड़ रुपये से 17 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा है कि वित्त वर्ष के अंत में उसकी सकल गैर निष्पादित संपत्ति (एनपीए) और शुद्ध एनपीए का अनुपात क्रमश: 1.98 प्रतिशत और 0.59 प्रतिशत से घट कर 1.92 प्रतिशत और 0.57 प्रतिशत रहा।

### क्रिसिल की पर्यावरण, सामाजिक कामों की रेटिंग्स अनुषंगी को मान्यता

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स लि. के शतप्रतिशत नियंत्रण वाली उसकी अनुषंगी इकाई क्रिसिल ईएसजी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड को संगठनों के पर्यावरण, सामाजिक एवं संचालन कामों (ईएसजी) की रेटिंग करने के लिये सेबी की मंजूरी मिल गयी है यह जानकारी क्रिसिल की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार क्रिसिल ईएसजी रेटिंग्स को पर्यावरण, सामाजिक और संचालन (ईएसजी) रेटिंग के क्षेत्र में श्रेणी 1 की सेवा प्रदाता के रूप में मान्यता मिली है। क्रिसिल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अमीश मेहता ने एक बयान में, हमारा लक्ष्य स्वस्थ विकास को प्रोत्साहित करना है। हम यह लाइसेंस मिलने पर उत्साहित हैं, जो इस क्षेत्र में हमारे नेतृत्व को मजबूत करता है। यह अनुमोदन ऐसे उपयुक्त समय पर आया है, जब कि कंपनियों की ईएसजी संबंधी रिपोर्टों में सुधार हो रहा है और वित्तीय बाजारों में स्वतंत्र ईएसजी रेटिंग की आवश्यकता बढ़ रही है। क्रिसिल भारत में क्रेडिट रेटिंग सेवा क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी है और इस क्षेत्र में पिछले 37 वर्ष से काम कर रही है।

### वेदांता का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 27 प्रतिशत घटा

मुंबई। लौह अयस्क, एल्यूमीनियम, जस्ता, तेल और गैस क्षेत्र में परिचालन करने वाली कंपनी वेदांता लिमिटेड को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत घटकर 2,273 करोड़ रुपये रहा जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 3132 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजारों को बताया कि परिचालन से शुद्ध राजस्व, वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34,937 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 37,225 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वेदांत का शुद्ध लाभ 2022-23 में 14,506 करोड़ रुपये से 48 प्रतिशत कम होकर 7,537 करोड़ रुपये रहा। जबकि कुल राजस्व में 2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई और यह 2023-24 में 1,41793 करोड़ रुपये रहा जबकि 2022-23 में यह 1,45,404 करोड़ रुपये था। वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए वेदांता के कार्यकारी निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 वेदांता के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा है। हमने अपने प्रमुख व्यवसायों में रिकॉर्ड उत्पादन हासिल किया है, जो परिचालन उत्कृष्टता पर हमारे निरंतर फोकस का प्रमाण है।

### एक्सपीरियन डेवलपर्स ने लांच की लक्ज़री आवासीय परियोजना

नयी दिल्ली। लक्ज़री लिविंग को पुन परिभाषित करते हुये पूरी तरह से विदेशी निवेश एफडीआई-फंडेड प्रीमियम रियल एस्टेट डेवलपर और एक्सपीरियन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एक्सपीरियन डेवलपर्स ने आज अपने लक्ज़री हाउसिंग प्रोजेक्ट 'एक्सपीरियन एलिमेंट्स' को लाँच करने की घोषणा की जिसकी शुरूआती कीमत 4.97 करोड़ रुपये होगी। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि 4.76 एकड़ में फैला, यह अल्ट्रा-प्रीमियम प्रोजेक्ट दो चरणों में पूर्ण होगा जिसमें 3 और 4 बीएचके के 320 आवासों का एक विशेष कलेक्शन होगा। एक्सपीरियन एलिमेंट्स का निर्माण सरकारी नीलामी के ज़रिये एक्सपीरियन डेवलपर्स द्वारा अधिग्रहित भूमि पर किया जाएगा। इस पेशकश को कुल दस लाख वर्ग फुट से अधिक के इलाके में विकसित किया जाएगा और यह लक्ज़री जीवन का प्रतीक होगी। 160 यूनिट वाला इसका पहला चरण अगले 2-3 वर्षों में पूरा हो सकता है, जबकि पूरा प्रोजेक्ट 5 साल में सौंपे जाने की उम्मीद है। एक्सपीरियन एलिमेंट्स के 3 और 4-बीएचके आवासों के शुरूआती मूल्य 4.97 करोड़ रुपये है। आंतरिक संसाधनों और बिक्री से कमाए गए राजस्व के संयोजन से इस प्रोजेक्ट को फंडिंग मिल रही है। मौजूदा अनुमानों के आधार पर, एक्सपीरियन एलिमेंट्स के पूरा होने पर लगभग 2000 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हो सकता है।

### भारत और ब्रिटेन में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए साझेदारी

नयी दिल्ली। किंग्स कॉलेज लंदन, गाइज़ एंड सेंट थॉमस एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट, हिंदुजा फाउंडेशन यूके और पीडी हिंदुजा अस्पताल एवं मेडिकल रिसर्च सेंटर ने स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए उन्नत प्रशिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान क्षमताओं के विस्तार के लिए एक नई साझेदारी की है। किंग्स कॉलेज लंदन, गाइज़ एंड सेंट थॉमस और नेशनल हेल्थ एंड एजुकेशन सोसाइटी ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जो भारत और यूके में स्वास्थ्य पेशेवरों को सर्वोत्तम नैदानिक प्रथाओं को साझा करने के लिए नैदानिक और गैर-नैदानिक लघु पाठ्यक्रमों, अनुसंधान क्षमता निर्माण और कार्यकारी शिक्षा में किंग्स एंड गाइज़ और सेंट थॉमस प्रशिक्षण प्रदान करेगा। विशेष रूप से, हिंदुजा फाउंडेशन ने बायोमेडिकल इंजीनियरिंग और इमेजिंग विज्ञान में भारतीय छात्रों के लिए पीएचडी और मास्टर्स स्कॉलरशिप के माध्यम से स्वास्थ्य इंजीनियरिंग अनुसंधान और नैदानिक नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। किंग्स के अग्रणी अनुसंधान, शिक्षण और बायोमेडिकल प्रौद्योगिकियों, स्वास्थ्य डेटा और उन्नत उपचारों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, यह साझेदारी इन क्षेत्रों में वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों का समाधान करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के विकास को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की जमा, अग्रिम में तिमाही-दर-तिमाही नौ प्रतिशत वृद्धि

नयी दिल्ली। छोटे कर्ज देने वाले एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 428 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दिखाया है जो तिमाही आधार पर लाभ में 14 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है।

बैंक की गुरुवार को जारी तिमाही रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसके जमा और अग्रिम (ऋण) कारोबार में तीसरी तिमाही की तुलना में नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 2023-24 के लिये शेयरधारकों को प्रतिशेयर एक रुपये की दर से लाभांश देने की सिफारिश की है।

बैंक ने कहा कि मजबूत परिचालन के माध्यम से उसने 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष में जमा में वार्षिक 26 प्रतिशत और ऋण कारोबार में वार्षिक 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

वित्त वर्ष 2024 के अंत में बैंक के सकल अवरुद्ध अग्रिमों (जीएनपीए) का अनुपात घटकर 1.67 प्रतिशत पर रहा। वर्ष के दौरान इसकी परिसम्पत्ति पर प्रतिफल दर (आरओए) 1.6 प्रतिशत और लाभ-शेयर पूंजी (अनुपात) आरओई 13.5 प्रतिशत रहा।

बैंक ने कहा है कि बैंक अपनी जमा-आधारित परिसंपत्ति वृद्धि की रणनीति को जारी रखेगा और फिनकेयर एसएफबी के अधिग्रहण के बाद उसके कारोबार का पैमाना बढ़ेगा तथा उसमें और दक्षता आयेगी। दोनों का विलय 01 अप्रैल 2024 से प्रभावी हो गया है।

वित्त वर्ष '24 की चौथी तिमाही में बैंक ने प्रावधानों से पहले 664 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ (पीपीओपी) दर्ज किया 16 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। इस दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय वार्षिक आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 1,337 करोड़ रुपये रही।

बैंक ने गत 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में असाधारण मदों को छोड़कर वार्षिक आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 428 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

बैंक की कुल जमा तिमाही दर तिमाही आधार पर नौ प्रतिशत तथा वार्षिक आधार पर 26 प्रतिशत बढ़ कर 31 मार्च 2024 को 87,182 करोड़ रुपये थी।

बैंक के चालू खाता जमा में 39त्न वार्षिक वृद्धि के साथ कासा (चालू खाता बचत खाता) तिमाही आधार पर जमा 10 प्रतिशत बढ़ कर 29,126 करोड़ रुपये रही।

इसका चालू ते बचत खाते की जमा (कासा) का अनुपात 33 प्रतिशत और कासा और खुदरा सावधि जमा का अनुपात 64 प्रतिशत रहा।

बैंक के सकल अग्रिम कारोबार में आधार पर 25 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 9 प्रतिशत की वृद्ध दर्ज की गयी। वर्ष के अंत में सकल कर्ज कारोबार 73,999 करोड़ रुपये था।

बैंक ने बतायाक उसके जारी कुल क्रेडिट कार्ड की संख्या 9.6 लाख से अधिक हो गयी है जिनमें 98 प्रतिशत सक्रिय हैं।

विज्ञप्ति में कहा गयाहै कि वित्त वर्ष '24 के चौथे तिहमी के दौरान प्राप्त नए ग्राहकों में से 47 प्रतिशत डिजिटल उत्पादों और चैनलों के माध्यम से प्राप्त किये गये थे। फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक के उसके साथ विलय से उसका कुल ग्राहक आधार बढ़कर 1.1 करोड़ हो।

# निफ्टी दिसंबर तक पहुंच सकता है 25,800 से ऊपर : प्रभुदास लीलाधर

मुंबई। इस समय चल रहे आम चुनावों के वातावरण में बाजार के भविष्य को लेकर उत्सुकताओं के बीच वित्तीय प्रबंधन क्षेत्र की फर्म प्रभुदास लीलाधर (पीएल) ने गुरुवार को कहा कि यदि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार फिर से सत्ता में लौटती है तथा अनुमानों के अनुसार मानसून अच्छा रहता है तो भारत में शीर्ष 50 शेयरों पर आधार निफ्टी शेयर सूचकांक दिसंबर के अंत तक 25,810-27100 दायरे तक पहुंच सकता है।

इसके विपरीत बाजार में मंदी का वातावरण बनने पर वर्ष के अंत में निफ्टी के 23229 के स्तर तक रहने का अनुमान है।

पीएल ने अपनी नवीनतम भारत रणनीति रिपोर्ट - डेमोक्रेटिक हैट-ट्रिक टू री-रेट मार्केट्स में कहा है कि निफ्टी में सुधार का यह अनुमान राजग सरकार की निरंतरता और ला नीना के प्रभाव से सामान्य मानसून की संभावनाओं पर आधारित है। इन कारकों से नीतियों में स्थिरता और मांग आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि निफ्टी इस समय संबंधित कंपनियों के शेयरों का वायदा भाव औसतन प्रतिशेयर वार्षिक लाभ (ईपीएस) के 18.3 गुना स्तर पर चल रहा है। यह 15 वर्ष के 19 गुणा औसत से 3.7 प्रतिशत नीचे है।

पीएल की इस रिपोर्ट में निफ्टी 50 की कंपनियों से संबंधित 26 मार्च के औसत 1358 रुपये के न्यूनतम ईपीएस और 15-वर्षीय औसत पीई अनुपात के 19 गुना आधार पर आगामी दिसंबर के अंत तक तक निफ्टी के 25810 के स्तर तक पहंचने का अनुमान लगाया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार तेजड़ियों की सक्रियता की स्थिति में 15 साल के औसत पीई में पांच प्रतिशत के प्रीमियम के साथ इसके 20 गुना तक पहुंचने की संभावना पर निफ्टी 27100 तक पहुंच सकता है।

इसके विपरीत मंदी की स्थिति में बाजार 15 वर्ष के औसत से दस प्रतिशत नीचे जा सकता है और ऐसी स्थिति में इस वर्ष के अंत तक निफ्टी 23229 के दायरे में जा सकता है।

प्रभुदास लीलाधर के संस्थागत अनुसंधान प्रमुख अमनीश अग्रवाल ने कहा, हाल ही में, निफ्टी अपने सर्वकालिक शिखर पर पहुंच गया, लेकिन बाद में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल और जिंसों की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा प्रत्याशित ब्याज दर समायोजन पर दृष्टिकोण के अंतर के कारण लगभग चार प्रतिशत नीचे आया है।

उन्होंने कहा कि इस समय भारत आम चुनाव के माहौल में डूबा हुआ है, जो इस दशक की एक महत्वपूर्ण घटना है। जनमत सर्वेक्षणों में राजग की आसान जीत की भविष्यवाणी के बावजूद, बाजार को 2004 के चुनाव परिणाम याद है जबकि 17 मई 2004 को चुनाव परिणाम घोषित होने के दिन बीएसई सेंसेक्स 15.5 प्रतिशत तक गिर गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बार मतगणना के दिन चार जून राजनीतिक मोर्चे और मानसून के आसपास अनिश्चितता खत्म हो जाएगी, जिससे एफआईआई प्रवाह में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

पीएल को लगता है कि इस बार चुनाव नतीजे आने से पहले बाजार में गिरावट दिख सकती है। फर्म का कहना है, हम 04 जून 2024 तक बाजार में गिरावट के दौरान खरीदारी करने की सलाह देते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था और बाजारों ने राजग और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) दोनों के शासन में अच्छा प्रदर्शन किया है। हालाँकि, राजग प्रमुख सुधारों को लागू करने और बुनियादी ढांचे के विकास तथा सभी वर्गों और क्षेत्रों में समावेशी विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करने में सफल रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा घोषणापत्र विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे के निर्माण और प्रौद्योगिकी परिवर्तन में निवेश पर ध्यान केंद्रित करने के साथ आर्थिक पथ पर अधिक स्पष्टता प्रदान कर रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन महीनों में, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र ऑटो, धातु, बिजली और तेल और गैस रहे हैं, जबकि आईटी सेवाओं, एफएमसीजी, बैंक और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं जैसे रक्षात्मक क्षेत्र पिछड़ गए हैं। पीएल की राय में रियल्टी, हेल्थकेयर और कैपिटल गुड्स ने अपनी सकारात्मक गति बनाए रखी है। अल्पावधि में इस प्रवृत्ति में बदलाव की संभावना नहीं लगती है।

## पारस हेल्थकेयर ने गुरुग्राम में 300 बिस्तरों के अस्पताल के लिए किया भूमि पूजन

गुरूग्राम, 25 अप्रैल (वार्ता) अस्पताल श्रृंखला कंपनी पारस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गुरुग्राम में 2006 में 300 बिस्तरों के लिए प्रस्तावित नए अस्पताल के लिए आज भूमि पूजन किया।

कंपनी ने अपना पहला अस्पताल गुरूग्राम में ही 2006 में खोला था। इस शहर में पारस हेल्थ का यह दूसरा अस्पताल सेक्टर 63-ए में बन रहा है।

कंपनी की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि भूमि-पूजन समारोह में पारस हेल्थ के प्रबंध निदेशक डॉ. धरमिंदर कुमार नागर, एस्सेल इंफ्रा एलएलपी के निदेशक अंकित गोयल, निदेशक डॉ. कपिल गर्ग और पारस हेल्थ के समूह मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. सैंटी साजन की उपस्थिति थीं।

कंपनी ने कहा है कि गुरुग्राम में कैंसर चिकित्सा, उदर रोग, तंत्रिका विज्ञान, हृदय रोग, अस्थि रोग और अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम और ऐसी विशेषज्ञ सुविधाओं की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए यहां मौजूदा क्षमता का विस्तार करने के लिए यह दूसरा अस्पताल स्थापित किया जा रहा है। इस सुविधा को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों रोगियों के लिए उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकी जैसे रोबोटिक और नेविगेशन सिस्टम से सुसज्जित करने का प्रस्ताव है।

पारस हेल्थ के प्रबंध निदेशक डॉ. नागर ने कहा, पारस हेल्थ गुरुग्राम में इस दूसरे अस्पताल के निर्माण से इस शहर ही नहीं पूरे एनसीआर के लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्ध को सुदृढ कर रहा है।

हमारी नींव करुणा, पहुंच, सामर्थ्य और गुणवत्ता के मूल सिद्धांतों पर बनी है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हमारे रोगियों को देखभाल का उच्चतम मानक प्राप्त हो।

### टेक महिंद्रा का मुनाफा 41 प्रतिशत घटा

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टेक महिंद्रा ने 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में 661 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के शुद्ध लाभ की तुलना में 41 प्रतिशत कम है। कंपनी ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी अपने विततीय लेखाजोखा में कहा कि दूरसंचार, संचार, मीडिया और मनोरंजन सहित प्रमुख क्षेत्रों में जारी मंदी के कारण मुनाफे पर दबाव बना है। वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही में कंपनी का सकल राजस्व 6.2 प्रतिशत घटकर 12,871 करोड़ रुपये रहा। उसने कहा कि वित्त वर्ष में राजस्व 51,996 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत कम हुआ और शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 51.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,358 करोड़ रुपये रहा। बोर्ड ने पांच रुपये के शेयर पर 28 रुपये प्रति शेयर अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।

## सीबीडीटी ने फॉर्म 10ए/10एबी दाखिल करने की तारीख बढ़ायी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम, 1961 के तहत फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी दाखिल करने की तारीख को आगे बढ़ाते हुए 30 जून, 2024 कर दी है।

सीबीडीटी ने आज यहां कहा कि पहले करदाताओं की वास्तविक कठिनाइयों को कम करने के लिए ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों द्वारा फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नियत तारीख को कई बार बढ़ाया जा चुका है।

सीबीडीटी द्वारा प्राप्त आवेदनों पर विचार करते हुए ऐसे फॉर्म दाखिल करने की अंतिम तिथि 30.09.2023 से आगे बढ़ाने का अनुरोध किया गया है और करदाताओं को वास्तविक कठिनाइयों से बचने के लिए, सीबीडीटी ने फॉर्म 10 ए /10एबी दाखिल करने की नियत तारीख बढ़ा दी है।

उसने कहा कि यदि ऐसा कोई मौजूदा ट्रस्ट, संस्थान या फंड विस्तारित नियत तारीख के भीतर निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए फॉर्म 10ए दाखिल करने में विफल रहा है, और बाद में, एक नई इकाई के रूप में अंतिम पंजीकरण के लिए आवेदन किया और फॉर्म 10एसी प्राप्त किया, तो अब भी कर सकता है उक्त फॉर्म10एसी को सरेंडर करने के इस अवसर का लाभ उठाएं और 30 जून 2024 तक फॉर्म10ए में एक मौजूदा ट्रस्ट, संस्था या फंड के रूप में निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए पंजीकरण के लिए आवेदन करें।

यह भी स्पष्ट किया गया है कि वे ट्रस्ट, संस्थान या फंड जिनके पुन-पंजीकरण के आवेदन केवल देर से दाखिल करने या गलत सेक्शन कोड के तहत दाखिल करने के आधार पर खारिज कर दिए गए थे, वे 30 जून की उपरोक्त विस्तारित समय सीमा के भीतर फॉर्म 10 एबी में नया आवेदन भी जमा कर सकते हैं।

# बैंकों की तेजी ने बाजार को दी उड़ान

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एक्सिस बैंक और एसबीआई समेत 22 दिग्गज कंपनियों की करीब छह प्रतिशत तक की तेजी से आज शेयर बाजार ने उड़ान भरी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक अर्थात 0.66 प्रतिशत की छलांग लगाकर 74,339.44 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 167.95 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की उड़ान भरकर 22,570.35 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.71 प्रतिशत मजबूत होकर 41,247.11 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत उछलकर 47,112.78 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 3934 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2076 में लिवाली जबकि 1718 में बिकवाली हुई वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियों के शेयर मजबूत रहे जबकि 10 ने नुकसान उठाया।




बीएसई में रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की 0.45 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.68, सीडी 0.22, ऊर्जा 0.87, एफएमसीजी 0.75, वित्तीय सेवाएं 0.69, हेल्थकेयर 0.97, इंडस्ट्रियल्स 0.86, आईटी 0.32, दूरसंचार 0.41, यूटिलिटीज 0.90, ऑटो 0.91, बैंकिंग 0.71, कैपिटल गुड्स 0.87, धातु 1.16, तेल एवं गैस 0.88, पावर 0.94, टेक 0.40 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.71 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.62, हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.27 प्रतिशत उछल गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.61, जापान का निक्केई 2.16 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.76 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 281 अंक लुढ़कर 73,572.34 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद 73,556.15 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 74,571.25 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,852.94 अंक के मुकाबले 0.66 प्रतिशत उछलकर 74,339.44 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी भी 86 अंक उतरकर 22,316.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,305.25 अंक के निचले जबकि 22,625.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,402.40 अंक की तुलना में 0.75 प्रतिशत की उड़ान भरकर 22,570.35 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें एक्सिस बैंक 5.98, एसबीआई 5.10, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.55, नेस्ले इंडिया 2.39, सन फार्मा 2.30, आईटीसी 2.02, एनटीपीसी 1.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.76, एचसीएल टेक 1.62, आईसीआईसीआई बैंक 1.48, इंडसइंड बैंक 1.44, टाटा स्टील 1.27, टाटा मोटर्स 0.93, पावरग्रिड 0.71, रिलायंस 0.61, टीसीएस 0.54, इंफोसिस 0.46, एलटी 0.43, टेक महिंद्रा 0.34, अल्ट्रासिमको 0.27 और विप्रो 0.17 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, कोटक बैंक 10.85, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.25, टाइटन 1.05, बजाज फाइनेंस 0.46, मारुति 0.31, एशियन पेंट 0.25, भारती एयरटेल 0.10 और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.02 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## इंडस ऐपस्टोर का वॉयस सर्च फीचर अब 10 भारतीय भाषाओं में भी

एजेंसी

बेंगलुरु। स्वदेशी ऐप मार्केटप्लेस फोनपे के इंडस ऐपस्टोर का वॉयस सर्च फीचर अब अंग्रेज़ी के अलावा 10 भारतीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगा।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह इनोवेटिव फीचर यूज़र के अनुभव में सुधार लाता है, जिससे यूज़र अपनी पसंद की भाषा में वॉयस सर्च से ऐप ढूंढ सकते हैं। वॉयस सर्च टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करती है। वॉयस सर्च विभिन्न प्रकार के उच्चारणों और स्पीच पैटर्न को समझ लेता है, जिससे सर्च के उचित परिणाम मिलते हैं।

भारत में इंटरनेट चलाने वालों में करीब 75प्रतिशत लोग अपनी स्थानीय भाषा बोलते हैं।

इस आंकड़ें से पता चलता है कि ऐप खोजने और उनका इस्तेमाल करने में आने वाली भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करना कितना ज़रूरी है। क्षेत्रीय भाषाओं में पारंपरिक टेक्स्ट आधारित खोज में कई तरह की मुश्किलें होती हैं, जैसे विशेष कीबोर्ड की ज़रूरत और मुश्किल अक्षर लिखना। इससे आसानी से संचार नहीं हो पाता है।

उसने कहा कि इंडस ऐपस्टोर की वॉयस सर्च टेक्नोलॉजी से यूज़र को बेहतरीन अनुभव मिलता है। इससे वे आसानी से वॉयस सर्च बटन को टैप करके अपनी स्थानीय भाषा में पसंदीदा ऐप को खोज सकते हैं। यह इंडस ऐपस्टोर मिशन के साथ जुड़ा हुआ है, जो सभी लोगों को शामिल करने और आसानी से इस्तेमाल किए जा सकने वाले फीचर के माध्यम से यूज़र को सशक्त बनाना है। यह विभिन्न साक्षरता स्तरों और अपनी पसंद की भाषा के अनुसार काम करता है।

इसके अलावा, यह नया फीचर, ऐप डेवलपर्स के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि इससे ऐप इंस्टॉल करने की संख्या को बढ़ाने में भी मदद करता है।

### ऑडी की कारें होंगी 2 प्रतिशत तक महंगी

नयी दिल्ली। लक्जरी कार बनाने वाली जर्मन कंपनी ऑडी ने आज अपनी कारों के अलग-अलग मॉडलों की कीमतों में एक जून 2024 से 2 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि लागत तथा परिवहन के खर्च में बढ़ोतरी होने के कारण ग्राहकों पर कुछ बोझ डालना पड़ा है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा, इनपुट का बढ़ता खर्च हमें 2 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ाने के लिये मजबूर कर रहा है और यह बढ़ोतरी 1 जून, 2024 से प्रभावी होगी। इस मूल्य-सुधार के पीछे ऑडी इंडिया और हमारे डीलर पार्टनरों की स्थायी तरक्की सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। हमने हमेशा से यह कोशिश की है कि बढ़ती कीमतों का प्रभाव हमारे ग्राहकों पर यथासंभव कम से कम पड़े।

# शार्ट न्यूज

## एशियाई अंडर-22 और युवा चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी मुक्केबाज प्रीति



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक जाने वाली टीम की सदस्य मुक्केबाज प्रीति पवार 27 अप्रैल से कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 50 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने 54 किग्रा वजन वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। 20 वर्षीय मुक्केबाज प्रीति के साथ अंडर-22 प्रतियोगिता में पूर्व युवा विश्व चैंपियन और 2022 एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता अलफिया पठान (81 किग्रा) भी हिस्सा लेंगी। अंडर-22 और युवा प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में 25-25 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा लेंगे। युवा महिला वर्ग में मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांक्षा (70 किग्रा) देश की चुनौती की अगुवाई करेंगी।

## एफआईएच की पाकिस्तान को चेतावनी, 25 अप्रैल तक विवाद सुलझाएं या निलंबन झेलें

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और देश में खेल की कमान के लिये लड़ रहे दो महासंघों से बृहस्पतिवार तक अपने विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिये तैयार रहने की चेतावनी दी है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के अधिकारी के अनुसार एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है कि दोनों धड़ों के बीच विवाद सरकार की मदद से आज खत्म हो जाना चाहिये वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। पीएचएफ को लिखे पत्र में एफआईएच ने 25 अप्रैल की समय सीमा दी है। विवाद नहीं सुलझने पर पाकिस्तान को सुल्तान अजलन शाह कप ( 4 से 11 मई, मलेशिया ) और नेशंस कप ( 31 मई से नौ जून, पोलैंड ) से बाहर रहना पड़ सकता है। अजलन शाह कप के आयोजकों ने एफआईएच से इस बारे में मार्गदर्शन मांगा है । शेहला रजा की अगुवाई वाले पीएचएफ ने हालांकि टूर्नामेंट के लिये टीम का ऐलान कर दिया है । तारिक हुसैन बुगती की अध्यक्षता वाले दूसरे महासंघ ने पाकिस्तान की टीम भेजने के लिये मेजबान से संपर्क किया है। बुगती की अध्यक्षता वाले महासंघ ने मशहूर डच कोच रोलैंट ओल्टमेंस को भी दोनों टूर्नामेंटों के लिये टीम को तैयार करने इस्लामाबाद बुलाया है।

## एआईसीएफ उठाएगा बड़ा कदम

चेन्नई। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जीतने के बाद अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के सचिव देव पटेल ने गुरुवार को कहा कि भारत गुकेश और गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच साल के अंत में होने वाले विश्व चैंपियनशिप के मेजबानी अधिकार हासिल करने के लिए बोली लगाएगा। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीतकर गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ा था। वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। लिरेन और 17 वर्षीय गुकेश के बीच विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले के तारीख और आयोजन स्थल की घोषणा अब तक नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों खिलाड़ियों के बीच साल के अंत में यह चैंपियनशिप होगी। अब एआईसीएफ के सबसे युवा सचिव देव पटेल ने इस बात की जानकारी दी है कि महासंघ इस चैंपियनशिप की बोली लगाने के इच्छुक है। देव ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, हम शतरंज की वैश्विक संस्था फिडे से इस बारे में चर्चा करेंगे और हमारी कोशिश रहेगी कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ चैंपियनशिप का आयोजन भारत में ही हो। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य फिडे को विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी का प्रस्ताव देना ही नहीं, बल्कि देश में शतरंज को लोकप्रिय खेल बनाना है।

## पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें फाइनल में

शंघाई । भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया। अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी, लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सामने फाइनल में इटली की चुनौती होगी।

## गुकेश का स्वदेश लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

**चेन्नई ।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। गुकेश टोरंटो में हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। गुकेश गुरुवार देर रात चेन्नई पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर भारी संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने उनका स्वागत किया। वेलामल विद्यालय जहां गुकेश पढ़ते हैं वहां के सैकड़ों छात्र एयरपोर्ट पर करीब एक घंटे तक उनका इंतजार करते रहे। इसके अलावा जैसे-जैसे गुकेश की फ्लाइट लैंड होने का समय नजदीक आता गया वैसे-वैसे एयरपोर्ट पर फैंस की भीड़ बढ़ती चली गई। यह युवा शतरंज खिलाड़ी करीब तीन बजे एयरपोर्ट से बाहर आया और उन्हें तुरंत वहां मौजूद फैंस ने घेर लिया। फैंस ने गुकेश को माला पहनाई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए मेहनत करनी पड़ी। गुकेश की मां पदमा जो एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं वह भी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गुकेश का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थीं। गुकेश ने भीड़ के बीच जैसे ही अपनी मां को देखा उनके चेहरे पर मुस्कान देखने मिली। इसके बाद गुकेश अपनी मां से गले मिले।

## भारत की महिला फुटबॉल टीम की कोच बनने को तैयार चाओबा देवी

नई दिल्ली। आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबाल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकॉक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। एआईएफएफ ने कहा, 'काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है।' देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है। समिति ने प्रिया पीवी और रोनीबाला चानू के नाम की सिफारिश क्रमशः सहायक और गोलकीपिंग कोच के पद के लिए की है। समिति ने पुरुष अंडर-16 और अंडर-19 टीम के कोच की नियुक्ति पर भी चर्चा के बाद कुछ नामों की सिफारिश की।

# पाकिस्तान की बिस्माह मारूफ ने क्रिकेट से लिया संन्यास



कराची। पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।

मारूफ ने अपने बयान में कहा, मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है। उन्होंने कहा, यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है।

उन्होंने कहा, मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने शुरू से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है।

उन्होंने कहा, मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने कहा, पीसीबी का समर्थन अमूल्य रहा है, विशेषकर मेरे लिए पहली अभिभावक नीति को लागू करने में, जिसने मुझे एक मां होने के दौरान उच्चतम स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम बनाया।

उन्होंने कहा, मैं उन प्रशंसकों की बहुत आभारी हूं जिनका अटूट समर्थन मेरे पूरे करियर में, जहां भी और जब भी मैंने अपने देश का प्रतिनिधित्व किया, निरंतर मिलता रहा है। मारुफ ने कहा, अंत में, मैं अपने साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद देना चाहूंगा, जो मेरे लिए परिवार की तरह बन गए हैं। उन्होंने कहा, मैदान के अंदर और बाहर हमने जो सौहार्द्र साझा किया, उसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की रिपोर्ट के अनुसार बिस्माह ने कप्तान के रूप में 96 मैचों में पाकिस्तान का नेतृत्व किया। इसमें 2020 और 2023 में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के साथ-साथ 2022 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप भी शामिल है। उन्होंने वर्ष 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

## राम लाल आनंद कॉलेज ने श्यामलाल कॉलेज को 115 रनों से हराया

नयी दिल्ली । द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में राम लाल आनंद कॉलेज ने श्यामलाल कॉलेज को 115 रनों से हराया। पी.जी.डी.ए.वी कॉलेज (प्रातः) द्वारा आयोजित टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर कृष्णा शर्मा ने सिक्का उछालकर किया। राम लाल आनंद कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 207 रन का विशाल स्कोर बनाया। टीम के लिए सर्वोत्तम शर्मा ने 32 गेंदों में 49 रन बनाए और मेहुल चौहान ने 11 रन देकर तीन विकेट लिए। राम लाल आनंद कॉलेज के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए श्यामलाल लाल कॉलेज की टीम को 14 ओवर में 92 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 115 रनों से जीत लिया। सर्वोत्तम शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## चोटिल रिजवान और नियाजी टी-20 श्रृंखला से हुये बाहर

एजेंसी

कराची। चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान नियाजी न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 श्रृंखला के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं।

पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) ने एक बयान में कहा है कि उन्हें दोनों की रेडियोलॉजी रिपोर्ट्स मिली हैं और दोनों को टी-20 श्रृंखला से बाहर करने का फैसला किया गया है।

रिजवान को तीसरे टी-20 मैच में बल्लेबाजी करते समय मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा था।

पीसीबी की ओर से कहा गया है कि उनके सप्ताह से 10 दिन तक मैदान के बाहर रहने की उम्मीद है वहीं नियाजी को उस मैच में किसी तरह की तकलीफ में नहीं देखा गया था, लेकिन पता चला है कि उनकी भी मांसपेशियों में खिंचाव है और इस कारण उन्हें सीरीज से बाहर कर दिया है।

इस जोड़ी के अलावा आजम खान पहले ही चोट के कारण अनुपलब्ध है।

वहीं इस वर्ष की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 में पदार्पण करने वाले हसीबुल्लाह को आजम के कवर के तौर पर बुलाया गया है, इसके अलावा किसी बदलाव की घोषणा नहीं की गई है।

उल्लेखनीय है कि दूसरे मैच में हारने के बाद न्यूजीलैंड ने तीसरे मैच में वापसी करते हुए श्रृंखला को 1-1 की बराबरी पर ला दिया, आखिरी दो मैच लाहौर में खेले जायेंगे।

## युवा हॉकी प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने मंच है राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग युवा हॉकी प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने और उच्चतम घरेलू स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में हॉकी इंडिया के महासचिव ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि लीग का पहला चरण 30 अप्रैल से नौ मई तक रांची में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भारत में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि अपनी तरह की यह पहली घरेलू लीग देश में शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभा का रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिलेगा। भोला नाथ सिंह ने कहा कि उद्घाटन चरण में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमें हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभाओं को निखारने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत लीग में 21 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिभा की पहचान करने और उसे निखारने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी काम करेगी।

# बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के तहत दिल्ली में 500 युवा क्रिकेटरों को क्रिकेट किट का वितरण

नयी दिल्ली। आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाता कंपनी डीपी वर्ल्ड ने 'बियोन्ड बाउंड्रीज' पहल के तहत दिल्ली के एकेडमियों से जुड़े 500 युवा किक्रेटरों को क्रिकेट किट वितरित कर रही है।

कंपनी ने यहां कहा कि यह पहल क्रिकेट के विकास को समर्थन करने की कंपनी की एक वैश्विक मिशन का हिस्सा है, जिसकी आपूर्ति विशेष उद्देश्य से तैयार 50 पुनर्निर्मित शिपिंग कंटेनरों के माध्यम से की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जमीनी स्तर के क्रिकेट क्लबों के पास खेल खेलने के लिए आवश्यक किट, उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध हों। दो कंटेनरों से दिल्ली क्षेत्र में बाल भारती और बाल भवन सहित अन्य एकेडमी के 500 युवा खिलाड़ियों को लाभ होगा। दोनों कंटेनरों को बाहर से अनूठी कलाकृति से सजाया गया है जो क्रिकेट की भावना और दिल्ली शहर के साथ इसके संबंधों को दर्शाते हैं और ये कंटेनर लाभार्थियों के लिए चेंजिंग रूम और विश्राम पवेलियन्स के रूप में भी काम करेंगे।

बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल के लॉन्च मौके पर दिल्ली कैपिटल्स टीम के प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली के अलावा टीम के प्रमुख खिलाड़ियों डेविड वार्नर, एनरिक नॉर्टजे, यश ढुल और पूनम यादव ने शिरकत की। इसके साथ ही डीपी वर्ल्ड के अधेंद्रु जैन और दिल्ली कैपिटल्स की पुरुष और महिला टीमों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे, जिन्होंने एकेडमियों से बात की और 7 अकादमियों के युवा लाभार्थियों को क्रिकेट किट वितरित करने में मदद की।

डीपी वर्ल्ड दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी की पुरुष और महिला दोनों टीमों का ग्लोबल लॉजिस्टिक्स पार्टनर है।

आज के लॉन्च के साथ ही निर्धारित पचास कंटेनरों में से सात का वैश्विक स्तर पर अनावरण किया जा चुका है। दिल्ली में यह लॉन्च 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद भारत में बियॉन्ड बाउंड्रीज पहल की वापसी का भी प्रतीक है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के पार्टनर के रूप में डीपी वर्ल्ड ने विश्व कप मैच में बनाए गए प्रत्येक 100 रन के लिए 10 किट दान करने का वादा किया था।

# भारत ने मानवाधिकारों के हनन वाली अमेरिकी रिपोर्ट को नकारा

### कहा- यह उनकी खराब समझ, रिपोर्ट में अतीक अहमद और सीएए का जिक्र

वॉशिंगटन। अमेरिका की मानवाधिकारों के उल्लंघन पर जारी की गई एक रिपोर्ट को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है। इसमें अमेरिका ने मणिपुर हिंसा का जिक्र करते हुए वहां मानवाधिकारों का हनन होने का दावा किया था।

भारत ने 80 पन्नों की इस रिपोर्ट को गलत और भेदभावपूर्ण बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार (25 अप्रैल) को कहा है कि रिपोर्ट ये दिखाती है कि अमेरिका की भारत को लेकर समझ ठीक नहीं है।

वीकली ब्रीफिंग में अमेरिकी रिपोर्ट पर पूछे गए एक सवाल के जवाब पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा हम इस रिपोर्ट को कोई महत्व नहीं देते है और आपसे भी ऐसा ही करें।



### अमेरिका ने भारत के कई मुद्दों का रिपोर्ट में जिक्र किया है

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 22 अप्रैल को अलग-अलग देशों में मानवाधिकारों से जुड़े कानूनों के पालन की स्थिति को लेकर एक रिपोर्ट जारी की थी।

रिपोर्ट में चीन, ब्राजील , बेलारूस, म्यांमार के साथ-साथ भारत का भी जिक्र था।

इसमें भारत को लेकर दावा किया था कि मणिपुर में मैतई और कुकी समुदायों में फैली जातीय हिंसा फैलने के बाद मानवाधिकारों का हनन हुआ है। 3 मई से 15 नवंबर के बीच कम से कम 175 लोग मारे गए और 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में तानाशाही बढ़ी है।

अमेरिका की मानवाधिकार रिपोर्ट में भारत में रह रहे मुसलमानों को लेकर भी कई दावे किए गए हैं। इसमें कहा गया हैं कि भारत की बीजेपी सरकार हिंदुस्तान में मुस्लमानों के साथ भेदभाव कर रही है। भारत में अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों में भी बढ़ोतरी हुई है।

रिपोर्ट में मोदी सरकार पर पत्रकारों को चुप करवाकर जेल भेजने की कोशिश करने की बात कही गई है। इसके अलावा कहा गया है कि जम्मू कश्मीर के लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी का हनन हो रहा है। लोगों को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने नहीं दिया जा रहा है।

# अजरबैजान बोला- आर्मेनिया को हथियार देना बंद करे भारत

### कहा- वो हमारी सीमा पर सैनिक तैनात कर रहा, खतरा बढ़ा तो चुप नहीं रहेंगे

बाकू। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने भारत से मांग की है कि वो आर्मेनिया को हथियार देना बंद करे। राजधानी बाकू में COP29 से जुड़े कार्यक्रम में एक सवाल का जवाब देते हुए अलीयेव ने कहा, यह हमारी देश की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। फ्रांस, भारत, ग्रीस जैसे देश आर्मेनिया को हमारे खिलाफ जाकर हथियार सप्लाई कर रहे हैं। ऐसे में हम हाथ पर हाथ रखकर बैठे नहीं रह सकते।

राष्ट्रपति अलीयेव ने कहा, हमने आर्मेनिया और उसे हथियार देने वाले देशों के सामने अपना रुख साफ कर दिया है। अगर हमारे देश की सुरक्षा को खतरा होगा तो हम इसके खिलाफ एक्शन लेंगे। आर्मेनिया हमारे खिलाफ अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है। वो



हमारी सीमा पर अपने सैनिक तैनात कर रहा है। ऐसे में हम चुप नहीं रह सकते।

### आर्मेनिया को हथियार देने की वजह- कश्मीर

दरअसल, कारबाख को लेकर अजरबैजान और आर्मेनिया में लंबे समय से विवाद रहा है। पाकिस्तान और तुर्किये अजरबैजान को खुला समर्थन और सैन्य सहयोग देते हैं। इसके बदले अजरबैजान कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन करता है। पिछले साल भारत में मौजूद अजरबैजान के राजदूत अशरफ शिकालियेव ने कहा था कि पिछले 30 साल से अजरबैजान कश्मीर पर पाकिस्तान का साथ देता आया है।

ऐसे में भारत ने पिछले कुछ समय में आर्मेनिया के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाया है। भारत ने पिछले साल जुलाई में आर्मेनिया को पिनाक रॉकेट लॉन्चर का पहला शिपमेंट डिलिवर किया था। पिनाक की डिलीवरी होने की खबर सामने आते ही अजरबैजान में राष्ट्रपति के सलाहकार हिकामत हाजियेव ने भारतीय राजूदत से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने भारत-आर्मेनिया में बढ़ते रक्षा सहयोग पर चिंता जताई थी।

## चीन ने बैलिस्टिक मिसाइलें स्थापित करने के अमेरिकी फैसले पर जताया विरोध

बीजिंग। चीन ने गुरुवार को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें स्थापित करने के अमेरिकी फैसले पर विरोध जताया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने आज बताया कि इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी सेना प्रशांत के प्रवक्ता के माध्यम से पता चला है कि अमेरिका इस साल के अंत तक एशिया-प्रशांत में एक मध्यम दूरी की मिसाइल प्रणाली स्थापित करने वाला है। कियान ने संवाददाताओं से कहा, हम एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी मध्यवर्ती दूरी की मिसाइलों को स्थापित करने का कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के इस फैसले से एशिया-प्रशांत क्षेत्र की शांति भंग होगी। अधिकारी ने कहा, अगर ऐसा होता है तो अमेरिकी फैसले खिलाफ चीन निर्णायक जवाबी कदम उठाएगा।

## कंबोडिया मलेरिया मुक्त लक्ष्य हासिल करने के राह पर अग्रसर : मानेट

नोम पेन्ह। कंबोडिया प्रधानमंत्री हुन मानेट ने गुरुवार को कहा कि देश 2025 तक मलेरिया मुक्त लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। मानेट ने राष्ट्रीय मलेरिया दिवस पर अपने एक संदेश में कहा हालांकि मलेरिया अभी भी जीवन को प्रभावित कर रहा है और इससे उत्पादकता को गंभीर नुकसान, सार्वजनिक स्वास्थ्य और दुनिया तथा कंबोडिया की सामाजिक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि देश 2025 तक मलेरिया मुक्त लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने कहा, कंबोडिया में 2023 में मलेरिया के केवल 1,384 मामले दर्ज किये गये और 2018 के बाद से मलेरिया से कोई मौत नहीं हुयी है। पूरे देश में शांति, राजनीतिक स्थिरता, स्वतंत्रता, एकता और विकास के संदर्भ में हम 2025 तक मलेरिया को ख़त्म करने की कगार पर पहुंच रहे हैं। मानेट ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, दानदाताओं और सभी क्षेत्रों के लोगों से मलेरिया मुक्त लक्ष्य को साकार करने के लिये दक्षिण पूर्व एशियाई देश की सहायता जारी रखने की भी अपील की। नेशनल सेंटर फॉर पैरासिटोलॉजी, एंटोमोलॉजी और मलेरिया कंट्रोल के निदेशक ह्यू रेकोल ने कहा कि कंबोडिया में मलेरिया निदान परीक्षण और उपचार अत्यधिक प्रभावी रहे और आर्टेसुनेट-मेफ्लोक्वीन या एएसएमक्यू के साथ मलेरिया के खिलाफ परीक्षण शत-प्रतिशत सुरक्षित और प्रभावकारी रहे हैं।

## दुनियाभर के विश्वविद्यालय में इजरायल-गाजा संघर्ष समाप्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन

लॉस एंजिल्स। इजरायल और फिलीस्तीन के चरमपंथी आतंकवादी संगठन हमास के बीच लंबे समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए अधिकतर देशों के विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अलजजीरा की रिपोर्टों के अनुसार फ्रांस, अमेरिका के कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय (यूसिड), मिशिगन विश्वविद्यालय, टेक्सास विश्वविद्यालय सहित अन्य देशों के विद्यार्थियों ने इजरायली हमले के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया है, जिससे विद्यार्थियों की बड़े पैमाने पर गिरफ्तारी हुयी है। लॉस एंजिल्स के पुलिस विभाग (एलएपीडी) ने दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में गाजा पर इजरायल के हमले के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने वाले 94 लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की। एलएपीडी कैप्टन केली मुनिज़ के हवाले से बताया गया कि 93 लोगों को अतिचार के उल्लंघन पर गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य गिरफ्तारी धारदार हथियार से हमला करने के मामले में हुई है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में फिलिस्तीन समर्थक विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन की कड़ी निंदा की और कहा कि प्रदर्शनों को रोकना होगा। इसके अलावा कोलंबिया विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बुधवार को हाउस स्पीकर माइक जॉनसन का घेराव किया।

## मिस्र, नीदरलैंड ने गाजा संघर्ष समाप्त करने, दो-राज्य समाधान लागू करने का किया आह्वान

काहिरा। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी ने बुधवार को डच प्रधान मंत्री मार्क रुटे के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने गाजा में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने और दो-राज्य समाधान को लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मिस्र के राष्ट्रपति ने एक बयान में कहा, श्री सिसी और श्री रुटे ने संघर्ष विराम तक पहुंचने की दिशा में काम करने की तात्कालिकता और गाजा के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में मानवीय सहायता के प्रवाह को सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की, ताकि इसे पट्टी में होने वाली गंभीर मानवीय तबाही से बचाया जा सके। बयान में कहा गया, उन्होंने क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने और क्षेत्र में सुरक्षा और शांति स्थापित करने में योगदान देने के लिए दो-राज्य समाधान के कार्यान्वयन की दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बात चीत के दौरान मिस्र के राष्ट्रपति ने फिलिस्तीनी शहर राफा में किसी भी इजरायली सैन्य अभियान के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन के गाजा पट्टी में मानवीय स्थिति और क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा पर विनाशकारी परिणाम होंगे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

### कांग्रेस पर ओपी धनखड़ का निशाना

# कांग्रेस के पास नहीं है कोई विजन, है तो सिर्फ कंफ्यूजन ही कंफ्यूजन

ललित कुमार गोठवाल

भाजपा के राष्ट्रिय सचिव ओपी धनखड़ ने बार फिर से कांग्रेस पार्टी व उसके नेतृत्व पर अपना निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के पास कोई विजन नहीं है कांग्रेस के पास है तो केवल कंफ्यूजन ही कंफ्यूजन। धनखड़ गुरूवार को बादली में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सामने 27 अप्रैल को बादली में सीएम नायब सैनी की रैली होने की जानकारी भी दी और हाजरी की दृष्टि से इस रैली के काफी सफल होने की बात कही। धनखड़ ने हरियाणा में कांग्रेस के लोस उम्मीद्वारों की सूची में देरी होने के सवाल पर भी कांग्रेस पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि अब इसी सूची को लेकर हालात यह हो गए



है कि लोगों में सूची को लेकर जिज्ञासा हीं खत्म हो चली है। यह जिज्ञासा वैसे ही खत्म हुई है जैसे की कांग्रेस के संगठन न बनने को लेकर खत्म हुई थी। धनखड़ यहीं नहीं रूके। यहां उन्होंने कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र से अपना रूख साफ कर दिया है कि वह अमेरिका का सम्पति कानून देश में थोपना चाहती है। कर्नाटक में मुस्लिम समाज को आरक्षण दिए जाने पर बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस की सोच बहूसंख्यक समाज को दबाने की है और वह केवल हिंदू ही है। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस के राज में लोगों की जबरन करवाई गई नसबंदी को इतिहास किसी से छिपा हुआ नहीं है। कांग्रेस राज में ग से गणेश की बजाय गधा पढ़ाया जाता था। झूठ का भय दिखाकर कांग्रेस केवल वाणी सेवा ही करती है। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा द्वारा विकास के नाम पर वोट मांगे जाने पर चुटकी लेते हुए धनखड़ ने कहा कि दीपेन्द्र यह क्यों भूल जाते है कि कांग्रेस बादली में केएमपी पर मिट्टी डालकर भूल गई थी।

इस केएमपी को भाजपा शासन में ही पूरा कराया गया। पूर्व सीएम हुड्डा ने नहीं बल्कि उनके क्षेत्र का विकास भाजपा ने कराया है। हुड्डा के क्षेत्र सांपला में एसडीएम भी उनके राज में ही बैठाया गया था। नेशनल कैंसर इंस्टिटयूट का भूमि पूजन और उद्घाटन भी भाजपा शासनकाल में ही सम्भव हो पाया है।

# भाजपा महिला सशक्तिकरण की सूत्रधार रही है : आशा शर्मा

ललित कुमार गोठवाल

नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है जिससे महिलाएं समाज में सम्मानित जीवन जी रही है। अत: महिला सशक्तिकरण के मामले में भारत विश्व का सिरमौर बन गया है। ये बात बेरी, दुजाना छोछी और बहादुरगढ़ में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए भगवत दयाल ट्रस्ट की अध्यक्ष व भाजपा नेत्री आशा शर्मा ने कही।

आशा शर्मा ने कहा कि तीन तलाक, उज्ज्वला योजना और लखपति दीदी जैसी कल्याणकारी सुविधाओं से महिलाओं का जीवनस्तरऊंचा हुआ है। जनधन खातों से महिलाओं की बैंक में सीधी हिस्सेदारी हुई है। स्वंय सहायता समूह के जरिए महिलाओं को तरह-तरह के ऋण व अन्य सुविधाएं दी जा रही है।महिलाओं को ड्रोन उडाने का प्रशिक्षण देकर उन्हें आसमान में उड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे महिलाएं ड्रोन के जरिए अपना स्वंय का कारोबार करने में सक्षम हो गई है।



आज जिस प्रकार हनुमान जी ने माता सीता के प्रति समर्पित होकर राम की भक्ति की थी। इस प्रकार नरेंद्र मोदी ने भी राम मंदिर का निर्माण करके राम भक्त होने का परिचय दिया है। अत: हम सब ने नरेंद्र मोदी का कमल का फूल के निशान पर बटन दबाकर उनके हाथ मजबूत करने हैं वरना हमें इतिहास माफ नहीं करेगा। रोहतक में नरेंद्र मोदी के दूत बनकर अरविंद शर्मा आए हैं।अत: अरविंद शर्मा को भारी मतों से जीतने से नरेंद्र मोदी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने अरविंद शर्मा के लिए वोटो की अपील की।

## शार्ट न्यूज

### औरैया सड़क हादसे में दो की मौत, 22 घायल

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के नेशनल हाईवे पर भीखेपुर के पास गुरुवार को गलत दिशा में आ रही तेज रफ्तार बस ट्राला से जा टकराई। इस हादसे में बस में सवार यात्रियों में दो की मौत हो गयी जबकि 22 लोग घायल हो गये। बस में सवार सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए कानपुर से आगरा जा रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कानपुर शहर के रामा देवी निवासी चंद्र शेखर वर्मा की पुत्री प्रगति उर्फ सोना की गुरुवार को आगरा में शादी होनी थी। दिन में परिवार के सभी लोग एक बस से आगरा जा रहे थे। उनकी बस औरैया जिले में नेशनल हाईवे पर भीखेपुर के पास विपरीत दिशा में तेज रफ्तार से जा रही थी, तभी सामने से आ रहे एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये और बस में सवार कुल 35 लोगों में 24 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल भिजवाया। जहां से सभी घायलों को हैलट अस्पताल कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया था। हैलट अस्पताल पहुंचने से पहले सुशीला देवी (60) एवं बलदेव (40) की मौत हो गयी। जबकि अन्य सभी घायलों को तत्काल भर्ती कर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

### योगी ने किया हिंदुओ की आस्था से खिलवाड़

इटावा। समाजवादी पार्टी(सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्यनारायण भगवान के प्रसाद को चूरन कह कर हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ किया है। यादव ने एक्स पर पोस्ट किया ज्ञानी मुख्यमंत्री योगी को यह पता नही कि भगवान सत्यनारायण की कथा के पश्चात चूरन नहीं प्रसाद वितरित होता है। पवित्र प्रसाद को चूरन कहना करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का अपमान है। उन्होंने कहा जहां तक चूरन खाने वाले व्यक्ति का सवाल है,आपको पता होना चाहिए कि इस चूरन खाने वाले ने बहुतों का हाजमा दुरुस्त किया है। गौरतलब है कि शिवपाल सिंह यादव के निर्वाचन क्षेत्र जसवंत नगर के रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के समर्थन में आयोजित सभा में कहा था कि उन्हे शिवपाल पर तरस आता है। वह तो जैसे सत्य नारायण की कथा में जजमान एक होता है जो कथा सुनता है। बाद में अन्य लोगों को चूर्ण वितरित कर दिया जाता है तो यह केवल चूर्ण खाने वाले व्यक्ति रह गए हैं।

### सोशल मीडिया बना कांग्रेस की ताकत

लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने गुरुवार को कहा कि सोशल मीडिया की बदौलत कांग्रेस आज उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश के घर घर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। मीडिया और सोशल मीडिया की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि आज कांग्रेस का मीडिया और सोशल मीडिया बहुत मजबूत हो चुका है। पांडे ने प्रदेश भर से आए मीडिया और सोशल मीडिया के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस पार्टी का मीडिया विभाग हमारे प्रवक्ता मजबूती से पार्टी की बात को रख रहे हैं ,कांग्रेस की बातें और विचारधारा नीचे तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका हमारे प्रवक्ताओं की है , और साथ ही सोशल मीडिया , मीडिया विभाग के साथ जिस तरीके से संयुक्त कार्यक्रम चला रहा है , उससे गांव-गांव तक कांग्रेस की पहुंच मजबूत हो रही है। उन्होने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र की चर्चा गांव-गांव में हो रही है , न्याय पत्र में शामिल जो पांच न्याय और 25 गारंटियां हैं, और राहुल गांधी द्वारा किए जा रहे प्रयास सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के बीच में पहुंच रहे हैं , आज कांग्रेस का सोशल मीडिया ढांचा बहुत सशक्त है जिस वजह से भारतीय जनता पार्टी झूठ फैलाने में कामयाब नहीं हो पा रही, इसीलिए न्याय पत्र की चर्चा से घबराकर देश के प्रधानमंत्री को झूठ का सहारा लेना पड़ रहा है।

### कांग्रेस के न्याय पत्र से घबरा गए हैं मोदी

लखनऊ। कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कांग्रेस के न्याय पत्र से इतना घबरा गए हैं कि वह अपनी गारंटियों को भूलकर दिन रात झूठा प्रोपेगेंडा फैला रहे हैं। खेड़ा ने यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 400 सीटों के नारे के पीछे की असली नियत संविधान बदलने की है लेकिन जनता 10 सालों के भाजपा के कुकर्मों का हिसाब इंडिया गठबंधन कांग्रेस सरकार बनाकर करने जा रही है । उन्होने कहा जनता को कांग्रेस के न्याय पत्र के पांच न्याय की 25 गारंटियों पर भरोसा है इसीलिए आज मोदी की गारंटिया गायब हो गई हैं और पूरे देश में सिर्फ कांग्रेस के न्याय पत्र की बात हो रही है , आज प्रधानमंत्री जनता से जुड़े मुद्दों पर बात ही नहीं करते, 10 साल में उन्होंने जो जुल्म इस देश के युवाओं पर किया, इस देश के किसानों पर किया, और सबसे ज्यादा जुल्म दलितों पिछड़ों पर किया, इस देश के आम नागरिक उनके जुल्मों का हिसाब उनको सत्ता से बाहर कर करने जा रहे हैं। खेड़ा ने कहा कि पीएम मोदी आज महिलाओं की मंगलसूत्र की बात करते हैं लेकिन पूरे देश में जो महिलाओं पर अत्याचार हो रहा था और भाजपा के सांसद - विधायक इस देश की बहन बेटियों की आबरू को लूट रहे थे,उस समय प्रधानमंत्री की आवाज तक नहीं निकली, जनता यह पूरा सच जानती है। प्रधानमंत्री की घिसी- पिटी बातों पर जनता भरोसा नहीं कर रही ।

### कांग्रेस राज में गरीबों के हक का पैसा कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया : ब्रजेश

उन्नाव । उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस सरकार में गरीबों के हक का पैसा कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के साथ सरकार की योजनाओं को गरीब, किसान, युवा तथा महिलाओं को समर्पित किया। उन्नाव से भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज की नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुये श्री पाठक ने कहा कि हम पार्टी देख कर चुनें, एक ओर भ्रष्टाचारियों व अपराधियों के संरक्षण वाली सपा है तो दूसरी तरफ विकसित भारत का संकल्प लेने वाली पार्टी भाजपा है। आप सब से अपील है कि भाजपा को चुने और साक्षी महाराज को एकतरफा जिता कर रिकॉर्ड बनाए। उन्होने कहा कि हर गरीब का अपने घर के सपने को पीएम मोदी ने पूरा किया वहीं राहुल गांधी जी की दादी कहती थी गरीबी हटाओं। कांग्रेस दशको तक गरीबी हटाने का नारा लगाती रही लेकिन गरीब की गरीबी मिटाने के लिए कोई काम नहीं किया। कांग्रेस सरकार में गरीबों के हक का पैसा कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के साथ सरकार की योजनाओं को गरीब, किसान, युवा तथा महिलाओं को समर्पित किया। गरीब तक घर, शौचालय, नल से जल, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्माननिधि, 80 करोड़ जनता को राशन पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया है।

### मथुरा प्रशासन ने कसी कमर

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिला प्रशासन ने शुक्रवार को यहां होने वाले चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने शरारती तत्वों को हिदायत देते हुये कहा कि चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने का प्रयास करने वालों को बख्शा नही जाएगा। उन्होने कहा कि शुक्रवार को प्रात: पांच बजकर 50 मिनट से प्रत्येक पोलिंग बूथ पर मॉक पोल होगा इसमें प्रत्याशियों के एजेन्ट की उपस्थिति में उनसे वोट डलवाकर मशीन की गुणवत्ता को चेक कराया जाएगा।प्रत्येक बूथ पर कुल 50 वोट डलवाए जाएंगे जिन्हे मतदान शुरु होने से पहले साफ कर दिया जाएगा। यह कार्यक्रम ईवीएम के बारे में उनकी संतुष्टि के लिए कराया जाएगा। वास्तविक मतदान 26 अप्रैल को सात बजे से प्रारंभ होगा। दस प्रतिशत ईवीएम मशीनों को रिजर्व में रखा गया है। उन्होंने बताया कि मतदानकर्मियों लिए नि:शुल्क दोपहर का भोजन देने की व्यवस्था की गयी है। भोजन के लिए उनको दी जानेवाली राशि को उनके खाते में डाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हो गई हैं।

### पुष्पा 2 : द रूल के पहले शानदार फुट-टैपिंग ट्रैक का लिरिकल प्रोमो रिलीज़




मुंबई (अनिल बेदाग)। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत पुष्पा 2: द रूल के निर्माताओं द्वारा शानदार टीजर और डायनामिक पोस्टर के साथ प्रशंसकों और दर्शकों को लुभाने के बाद दुनियाभर में इसकी चर्चा हो रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है और जब निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म के पहले सिंगल पुष्पा पुष्पा के रिलीज की घोषणा की तो सभी का उत्साह दोगुना हो गया। फिल्म की रिलीज की राह पर आगे बढ़ते हुए, निर्माताओं ने पहले सिंगल पुष्पा पुष्पा का लिरिकल प्रोमो जारी कर दिया है। जैसा कि शीर्षक से पता चलता है, यह गाना एक आकर्षक फुट-टैपिंग गाना होने का वादा करता है जो अल्लू अर्जुन के प्रतिष्ठित किरदार पुष्पा राज को एक बड़े पैमाने पर पेश करने का वादा करता है। इस गाने को देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया है। फिल्म की बात करें तो इस महीने की शुरुआत में 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर निर्माताओं ने पुष्पा 2: द रूल की एक झलक दिखाई थी। मास जथारा से अल्लू अर्जुन के आकर्षक लुक ने लोगों को खूब आकर्षित किया है और यह किसी शानदार फिल्म से कम नहीं है। फिल्म एक कमर्शियल पॉटबॉयलर होने का वादा करती है और टीजर रिलीज के बाद से ही प्रशंसक और दर्शक फिल्म से जुड़ी नई अपडेट का इंतजार कर रहे थे।

# दीपेन्द्र का एक बार फिर जेजेपी-भाजपा गठबंधन पर निशाना

### कहा : हरियाणा में जेजेपी ने समझौते के साथ तोड़ा समझौता

ललित कुमार गोठवाल

राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने एक बार फिर से पूर्व में रहे भाजपा और जेजेपी के गठबंधन व बाद में उसके टूटने को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि जेजेपी ने भाजपा से समझौते के साथ ही अपना यह समझौता तोड़ा है और यह बात जगजाहिर भी हो चुकी है। दीपेन्द्र हुड्डा पूर्व स्पीकर और बेरी हलके के कांग्रेस विधायक डा.रघुबीर सिंह कादयान के साथ बेरी में हर घर कांग्रेस के अभियान के तहत डोर-टू डोर कार्यक्रम रहे रहे थे। यहां उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि आज दुष्यन्त चौटाला भी कह रहे है कि उनका भाजपा की बुराई करने का मन करता है। लेकिन वह उस समय कहा थे जब उनकी सहमति से हरियाणा में हर वर्ग के साथ अन्याय किया जा रहा था। इस दौरान भाजपा सांसद डा.अरविंद शर्मा



द्वारा मोदी के नाम पर वोट मांगने बाबत पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि उनके पास ओर कोई चारा भी नहीं है। लेकिन वह अपने चुनावी प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस शासन में हुए विकास और अपने नेताओं के नाम पर वोट मांग रहे है और ऐसा वह प्रचार के दौरान करते रहेंगे। भाजपा सांसद डा.अरविंद शर्मा का प्रचार के दौरान गांवों में हो रहे विरोध को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि ऐसा तो सुना था कि पहले सांसद चुनाव जीतने के बाद धन्यवादी दौरे के बाद अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच नहीं पहुंच पाते थे। लेकिन ऐसा पहली बार देखा गया है कि डा.शर्मा पहले देश के ऐसे सांसद है जोकि चुनाव जीतने के बाद अपने क्षेत्र की जनता का धन्यवाद करने हीं नहीं गए। इसी बात की टीस लोगों के मन में है और वह अब इसी का जवाब अपने विरोध से सांसद से मांग रहे है।उन्होंने इस मौके पर हरियाणा की सरकार को बेहद विफल बताया और कहा कि कांग्रेस शासन में विकास और रोजगार के लिए जो प्रदेश पूरे देश में जाना जाता था वह अब लूट-खसौट,गोलीबारी और अपराध में नम्बर वन जाना जाने लगा है। यह कहना कतई गलत न होगा कि दस साल के शासनकाल में भाजपा ने हरियाणा को अपराध व बेरोजगारी को केन्द्र बिंदू बना दिया है। इस दौरान दीपेन्द्र हुड्डा ने कांग्रेस शासन में कराए गए विकास को भी उंगलियों पर गिनवाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने हरियाणा प्रदेश को विकास की पटरी से उतारने का काम किया है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। दीपेन्द्र हुड्डा ने एक बार फिर दोहराया कि लोस में रोहतक का नतीजा हरियाणा की सत्ता को बदलने का काम करेगा और उसी दिन से सरकार का तखता पलटने बुनियाद भी रखी जा चुकी होगी।

# बिग बॉस फेम आयशा खान ने की धोखाघड़ी.! निर्देशक इसरार अहमद ठोकेंगे केस

टीवी रियलिटी शो से फेमस हुई मॉडल अभिनेत्री आयशा खान मुश्किलों में घिरने जा रही हैं। उनके ऊपर फ़िल्म निर्माता निर्देशक इसरार अहमद कोर्ट में धोखाघड़ी ( भरोसा तोड़ने ) का केस करने जा रहे हैं। बीती शाम मुम्बई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए निर्देशक इसरार अहमद ने बताया कि विगत दिनों हमने एक वीडियो सॉन्ग वो था मेरे शहर में शूट किया था जिसका वीडियो आयशा खान और समीर मार्क के ऊपर फिल्माया गया था । वो वीडियो सॉन्ग आज रिलीज हो गया लेकिन उस वीडियो एलबम की मुख्य अभिनेत्री आयशा खान इसके किसी भी प्रोमोशनल इवेंट में सूचना देने के बावजूद नहीं शामिल हो पाई, जबकि उनसे बराबर इससे सम्बन्धित बात चीत में बताया भी गया था और उनके पास में सारे इवेंट की सूचना पूर्व से ही था , और हम लगातार टच में बने हुए भी थे , इसरार अहमद ने बताया कि आयशा खान को इस गाने से सम्बंधित एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार पूरा पेमेंट निर्माता की तरफ से क्लियर कर दिया गया है ,लेकिन आयशा खान अपने वादे के अनुसार गाने के प्रोमोशन में



हिस्सा नहीं ले रही हैं और ना ही वे अपने किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से इस गाने को शेयर ही कर रही हैं जैसा कि उस एग्रीमेंट में वर्णित है। एग्रीमेंट में यह साफ साफ लिखा गया है कि वो अपने इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब सहित तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से गाने और उससे सम्बन्धित रिल्स/वीडियो बनाकर प्रोमोशन करेंगी लेकिन गाना रिलीज हो जाने के बावजूद उन्होंने एक भी प्रोमोशनल इवेंट में हिस्सेदारी नहीं किया और ना ही उन्होंने किसी सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर हमारे गाने से सम्बंधित कुछ भी शेयर ही किया है । यह हमारे साथ आयशा के हुए एग्रीमेंट की नियमों के विरुद्ध है और उसी शर्तों के अनुसार हम उन्हें अब कोर्ट में ले जाने की तैयारी में लगे हुए हैं। हमारी कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है लेकिन पता नहीं उनके तरफ से अब कोई एजेंसी बात कर रही है और हमसे ही एग्रीमेंट के पेपर मांगे जा रहे हैं जबकि हमने पूर्व में ही एक कॉपी आयशा को उपलब्द्ध करा दिया था । उनके इस अनप्रोफेशनल रवैय्ये और भरोसा तोड़ने , वादा करके मुकर जाने की सूरत में हुए नुकसान की भरपाई के लिए भी हम कोर्ट में अर्जी लगाने वाले हैं ।

इस वीडियो एलबम की लेखिका अमीना इसरार और अभिनेता समीर मार्क भी निर्देशक इसरार अहमद के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित थे ।

### अभी भी शक है कि अखिलेश कन्नौज से चुनाव लड़ेंगे : मौर्य

कन्नौज ।उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि बार बार प्रत्याशी बदलने की समाजवादी पार्टी (सपा) आदत से शक पैदा होता है कि सपा प्रमुख कन्नौज से चुनाव लड़ेंगे या फिर से प्रत्याशी बदल देंगे। भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की नामांकन सभा को संबोधित करते हुये मौर्य ने कहा देखना यह होगा कि अखिलेश कन्नौज से चुनाव लड़ते भी हैं अथवा फिर प्रत्याशी बदल देते हैं। उन्होने कहा कि पिछले सात वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में ताबड़तोड़ विकास करके प्रदेश की एक नई छवि को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया है। तभी तो आज जन-जन को सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। इसीलिए कमल के फूल के बटन को दबाकर मोदी जी की गारंटी को हर गरीब तक पहुंचने में मदद कीजिए। जनसभा को राज्यमंत्री रजनी तिवारी, राज्यमंत्री असीम अरुण समेत भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने भी संबोधित किया और जनता से 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# 15 वर्षीय तनिष्का ने जीता मिस टीन अर्थ इंडिया का खिताब



मुंबई (अनिल बेदाग)। हाल ही जयपुर में आयोजित देश की सबसे बड़ी किशोर सौंदर्य प्रतियोगिता मिस टीन दीवा 2024 का आयोजन किया गया। देश के इस सबसे बड़े सौंदर्य प्रतियोगिता में पटना की 15 वर्षीय तनिष्का शर्मा ने मिस टीन अर्थ इंडिया का खिताब जीत कर विश्वभर में बिहार का नाम रौशन किया है। तनिष्का का जन्म, पालन पोषण सब पटना में हुआ है और अब देश की सबसे बड़ी फैशन डिजाइनर बनना चाहती है।

इस सफलता से उत्साहित तनिष्का कहती है, इस पेजेंट में भाग लेने की वजह खुद को शारीरिक और मानसिक दोनों तौर पर बेहतर बनाने की कोशिश थी। लॉकडाउन के दौरान मेरा वजन 86 किलो हो गया था, इसे कम करने में लगभग सात महीने का वक्त लगा 21 किलो वजन घटाने के बाद एहसास हुआ कि देश में हर दूसरी लड़की इस समस्या से पीड़ित है। उनके अंदर आत्मविश्वास दिलाने के लिए मैंने इस पेजेंट में भाग लिया,मेहनत कर जीत हासिल की है। अभी मैं इंटरनेशनल मिस टीन अर्थ दीवा की तैयारी कर रही हूं और उस टाइटल को जीत कर फैशन उद्योग में बिहार के लिए बहुत कुछ करूंगी।

जीत से पहले तनिष्का को ओपनिंग डांस,स्वीमवियर राउंड, ईवनिंग गाउन राउंड के साथ ही टाइटल राउंड से गुजरना पड़ा। जिसमें देश भर से कई कंटेस्टेंट ने हिस्सा लिया। काटें की टक्कर के बीच तनिष्का को विजेता चुना गया और सैश पहनाकर सम्मानित किया गया।

# सनी लियोनी ने मलयालम प्रोजेक्ट के लिए केरल में शूटिंग शुरू की

मुंबई (अनिल बेदाग)। सनी लियोनी फिलहाल अपने अगले अनटाइटल्ड मलयालम प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रही हैं। एक लीक वीडियो, जो ऑनलाइन सामने आया है, में एक्ट्रेस को फिल्म के क्रू के साथ शूटिंग करते दिखाया गया है। एक्ट्रेस, जो इस प्रोजेक्ट के साथ मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है, ने हाल ही में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक पमपल्ली और फिल्म की टीम के साथ मुहूर्त पूजा की थी। सनी लियोनी अपनी फिल्मों के सावधानीपूर्वक चयन से अपने फैंस को सरप्राइज करने में कभी असफल नहीं हुई हैं। हाल ही में घोषित अनाम फिल्म के साथ, एक्ट्रेस ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है, जो यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि सनी अब उनके लिए क्या लेकर आएंगी।

इस बीच, एक्ट्रेस फिलहाल स्प्लिट्सविला एक्स5 के लेटेस्ट सीज़न की होस्टिंग करती नजर आ रही हैं। पिछले साल, उनकी आने वाली फिल्म कैनेडी को कान्स फिल्म फेस्टिवल के प्रीमियर में खूब तालियां मिलीं।

# मुंबई के वॉक्हार्ट अस्पताल में सभी आयुवर्ग के लोगों के लिए टीकाकरण कार्यक्रम शुरू

मुंबई (अनिल बेदाग)। मीरारोड स्थित वॉक्हार्ट अस्पताल में सभी आयुवर्ग के लोगों के लिए टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया हैं। टीकाकरण के बारे में लोगों में जागरूकता निर्माण करना इसका मुख्य उद्देश हैं। बच्चे आवश्यक नियमित टीकाकरण से वंचित हो रहे हैं, जिससे उनका जीवन खतरे में पड़ रहा है। टीकाकरण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की रक्षा करता है, बल्कि संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोखने में मदद करता हैं।



इसे ध्यान में रखते हुए टीकाकरण के बारे में जागरूकता बढाने के लिए अस्पताल में टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया है। यूनिसेफ की द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रेन 2023 रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 महामारी के कारण बचपन के नियमित टीकों में गिरावट आई है और लगभग 67 मिलियन बच्चे टीकाकरण से वंचित हैं। देश में खसरे के मामलों में भी चिंताजनक वृद्धि हुई है क्योंकि बड़ी संख्या में बच्चे टीका न लेने के कारण शिकार हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अमेरिकी केंद्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में 11 लाख बच्चे भारत में खसरे के टीके की पहली खुराक लेने से चूक गए, जिससे देश उन दस देशों में शामिल हो गया, जहां महामारी के बाद भी खसरे के टीकाकरण में सबसे ज्यादा अंतर है। रोग नियंत्रण और रोकथाम (सीडीसी) से पता चलता है।